आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 209 | इंदौर, बुधवार 25 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 9 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

प्रधानमंत्री पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव, भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल

## राहुल बोले-मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें सरकार ने अकेला छोड़ दिया।



### खड़गे बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए।

### पीएम को अपना नाम बदल लेना चाहिए- खड़गे बोले

प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए- अगर नाम बदलना ही राजनीति है तो प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए, क्योंकि उनका जन्म कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होंने मनरेगा समेत कई योजनाओं के नाम बदलने पर सवाल उठाए। मोदी ट्रम्प के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं रखते- प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से अपनी बात नहीं रख पाते और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दबाव में फैसले लेते हैं।

### भारत को कुछ नहीं मिला- राहुल गांधी

- मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की- प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी।
- किसानों और देश के हित से समझौता किया- सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा।
- अमेरिका से ट्रेड डील दबाव में की गई - अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।
- भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा - इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में हुई धक्का-मुक्की



सभा स्थल पर जाने को लेकर कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। एसीपी ट्रैफिक अजय वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम में आने वालों को प्लेटिनम प्लाजा और वीआईपी रोड डिपो की ओर से एंट्री दी गई। वहीं जवाहर चौक, माता मंदिर और न्यू मार्केट की तरफ से ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

## देश विदेश

### पिता के शव को बाथरूम में काटा, नीले-ड्रम में छिपाया

**लखनऊ।** लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घरसे 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो बेटा घबराया नजर आया। सख्ती से पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म कबूल कर लिया।

### अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टॉयलेट जाम

**तेल अवीव।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर वरर जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट जाम हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

भावनाएं आहत...

### कांतारा को लेकर रणवीर को फटकार



रणवीर सिंह ने मामले को लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी

**मुंबई।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक्टर रणवीर सिंह को कांतारा विवाद मामले में फटकार लगाते हुए कहा कि आपको अपने बयानों में जिम्मेदार होना चाहिए। सिर्फ सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने एक्टर से यह भी कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाते समय उन्हें अपने शब्दों और व्यवहार में सावधानी बरतनी चाहिए। ढीली-ढाली भाषा बिल्कुल नहीं चल सकती। आप रणवीर सिंह हों या कोई। वहीं, कोर्ट ने रणवीर को अंतरिम राहत भी दी और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न की जाए। मामले की अगली सुनवाई सोमवार, 2 मार्च को होगी। रणवीर सिंह की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट साजन पूवैय्या ने कोर्ट में शुरूआत में ही एक्टर की टिप्पणी को पूरी तरह असंवेदनशील बताते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा कि रणवीर का उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाएं आहत करना नहीं था। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, आप एक एक्टर हैं, कई लोग आपसे प्रभावित होते हैं। इसलिए जिम्मेदारी जरूरी है। मिमिक्री करना अलग बात है, लेकिन किसी की धार्मिक भावनाएं आहत करने का अधिकार नहीं। माफी से क्या शब्द वापस आ जाएंगे? हम भूल सकते हैं, लेकिन इंटरनेट नहीं भूलता। सुनवाई के दौरान रणवीर के वकील ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 196, 299 और 302 के तहत दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि इन धाराओं के लिए 'मेन्स रीया' यानी जानबूझकर की गई मंशा का होना आवश्यक है। कोर्ट ने साफ किया कि वह इस पहलू की विस्तृत जांच अगली सुनवाई में करेगा, साथ ही यह भी कहा कि यह कृत्य जानबूझकर था।

### अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था।

### ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, 4 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान में मंगलवार को एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर फल और सब्जी मार्केट पर गिर गया। हादसे में पायलट और को-पायलट समेत चार लोगों की मौत हो गई। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक, सेना का हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग पर था। क्रैश के बाद बाजार इलाके से धुआं उठता दिखा। घटनास्थल पर हादसे के बाद चारों तरह मलबा बिखर गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाजार में मौजूद दो नागरिकों की भी मौत हुई। ईरान में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा सैन्य विमान हादसा है। इससे पहले पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक एफ-4 फाइटर जेट क्रैश हुआ था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में सैन्य और कमर्शियल विमानन बेड़ा काफी पुराना है।

तकनीकी खराबी आई; पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार सभी 7 लोग सुरक्षित

## अंडमान में समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना के समय उसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। इनमें 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा मौजूद थे।

अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर ने सुबह 8.30 बजे पोर्ट ब्लेयर से अंडमान के मायाबंदर के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर के मायाबंदर पहुंचने के पहले ही उसमें खराबी आ गई। इसके बाद रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग कराई गई। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि घटना में दोनों पायलट और 5 यात्री घायल हुए हैं।



### मामले की जांच कराई जा रही है

सभी को मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्र सरकार की हेलिकॉप्टर सेवा कंपनी पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद पोर्ट ब्लेयर से राहत हेलिकॉप्टर भेजा गया था। मामले की जांच कराई जा रही है। एक दिन पहले ही झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश में 7 लोगों की मौत हुई थी। प्लेन के दोनों पायलट भी मारे गए थे।

### झारखंडः चतरा में प्लेन क्रैश, 7 की मौत

23 फरवरी की रात रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज कंपनी की एयर एंबुलेंस झारंखड के चतरा में कसियातु जंगल में क्रैश हुई थी। घटना में प्लेन सवार सभी 7 लोगों की मौत हुई। एबुलेंस ने शाम 7.11 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। 7:34 बजे कोलकाता एटीसी से संपर्क टूट गया। रात 8:05 बजे रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर एक्टिव किया गया। मरने वालों में प्लेन के दोनों पायलट कैप्टन विवेक, कैप्टन सबराजदीप, मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भगीना ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, एक पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा शामिल हैं।

## एआई समिट मामला- उदय भानु 4 दिन पुलिस हिरासत में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी।

इधर अक समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है।

दिल्ली से लेह जा रही थी

## स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

### उड़ान के दौरान इंजन में खराबी आई

एजेंसी ▸▸ लेह

एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट एसजी-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली के ही आईजीआई एयरपोर्ट से लेह के लिए उड़ान भरी थी।


कुछ देर बाद प्लेन के इंजन-2 में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने प्लेन वापस दिल्ली की ओर मोड़ लिया। फ्लाइट की 6.49 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 150 यात्री-क्रू सवार थे। घटना पर एयरलाइन ने कहा है कि फ्लाइट की सेफ लैंडिंग हुई है। कॉकपिट में किसी तरह की आग का अलर्ट नहीं मिला था। सभी यात्री सुरक्षित हैं। लंदन से हैदराबाद जा रही ब्रिटिश एयरवेज की एक फ्लाइट को खराब मौसम के कारण मंगलवार सुबह नागपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि यह फ्लाइट लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना हुई थी और सुबह करीब 5.30 बजे नागपुर में लैंड हुई। हैदराबाद में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण विमान को नागपुर भेजा गया।

सेवातीर्थ में पहली मीटिंग, रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ मंजूर

## केरल का नाम अब केरलम, कैबिनेट की मंजूरी, 8 फैसले लिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।



### पहले 2 राज्यों का नाम बदला था

- उत्तरांचल बना उत्तराखंडः 2007 में केंद्र सरकार ने उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड करने के लिए एक बिल संसद में पारित किया। इस पर तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हस्ताक्षर होते ही राज्य का नाम बदल गया।
- उड़ीसा बना ओडिशाः 2010 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने उड़ीसा को ओडिशा नाम में बदले जाने के बिल को मंजूरी दी थी।
- 13 फरवरी को पीएमओ सेवा तीर्थ में शिफ्ट हुआ- कैबिनेट की पिछली बैठक 13 फरवरी को पीएमओ के साउथ ब्लॉक वाले ऑफिस में हुई थी। इसके बाद ढटड को नए ऑफिस में शिफ्ट कर दिया गया था। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है।

### राजस्थान में दिन का तापमान 35° पहुंचा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान में फरवरी में ही तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। दिन का तापमान 35 डिग्री तक पहुंचा जो यहां बाढ़मेर में दर्ज किया गया। 20 से ज्यादा शहरों का तापमान 30 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आस-पास है।

इधर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा में बारिश और ओलावृष्टि का असर है। मप्र में लो प्रेशर एरिया और दो ट्रफ के असर के चलते 10 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। इस दौरान शिवपुरी में ओलेवृष्टि भी हुई। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी हुई।

दो हजार सालों तक भेदभाव सहा, फिर भी देश के साथ गद्दारी नहीं की- भागवत

## आरक्षण 200 साल भी देना पड़े तो सही

एजेंसी ▸▸ देहरादून

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज के एक हिस्से ने करीब दो हजार साल तक छुआछूत और भेदभाव सहा, लेकिन फिर भी उसने देश के साथ कभी विश्वासघात नहीं किया। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को बराबरी का हक दिलाने के लिए अगर दो सौ साल तक भी आरक्षण देना पड़े, तो समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर अपने ही भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए हमें कुछ नुकसान भी सहना पड़े, तो भी हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। आरएसएस प्रमुख सोमवार को उत्तराखंड के देहरादून में हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित 'प्रमुखजन गोष्ठी' में पूर्व सैनिकों और अधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे।

इस दौरान भागवत ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं और उनकी रगों में एक ही खून बहता है।




### अग्निवीर योजना को बताया नया प्रयोग

भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मजबूत नेतृत्व, उच्च सैन्य तैयारी और निरंतर प्रशिक्षण अनिवार्य हैं। अग्निवीर योजना एक प्रयोग है। अनुभवों के आधार पर इसकी समीक्षा की जानी चाहिए और आवश्यकता हो तो सुधार एवं परिमार्जन पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि सेना की क्षमता, अनुशासन और दीर्घकालिक मजबूती बनी रहे।

### राजनीतिक दिशा में विचलन आया

स्वतंत्रता के बाद कई राजनीतिक दल अपने मूल मार्ग से भटक गए। समाज की एकता ही व्यक्तियों और नेतृत्व को शक्ति देती है; समाज कमजोर होगा तो नेतृत्व प्रभावी नहीं रह सकता। सामाजिक शक्ति ही व्यक्तियों और नेतृत्व को बल देती है। यदि समाज में भेदभाव और विभाजन रहेगा तो राष्ट्र की शक्ति कमजोर होगी।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### 2016 में कायाकल्प का श्री गणेश, अब जाकर मूल में बदल रहा, उज्जैन विकास प्राधिकरण बनाएगा मंदिर का 51 फीट का शिखर

# श्री मंगलनाथ मंदिर पर शिखर सहित कायाकल्प ले रहा आकार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वर्ष 2016 में सिंहस्थ के दौरान श्री मंगलनाथ मंदिर के अधूरे कायाकल्प का एक बार फिर से श्री गणेश हो चुका है। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने इस कायाकल्प के लिए 10 करोड का प्रस्ताव दिया था जिसमें 51 फीट का शिखर भी बनाया जाना है। संभागायुक्त ने हाल ही में 10.78 करोड रूपए की स्वीकृति यहां के लिए दी है। मंदिर की आय में भी बराबर बढोतरी दर्ज की जा रही है।

श्री मंगलनाथ मंदिर का कायाकल्प वर्ष 2016 से ही अधूरा ही रहा है। 9 साल बाद जाकर पिछले वर्ष यहां के कायाकल्प को लेकर विकास प्राधिकरण उज्जैन ने प्रस्ताव दिया था। हाल ही में इसे लेकर कार्यों की शुरूआत हो चुकी है । मंगलनाथ मंदिर के शिखर को संवारने के लिए 10 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया गया है। निर्माण एजेंसी उज्जैन विकास प्राधिकरण है।



### ये भी है योजना में

मंदिर के कायाकल्प के तहत अन्य कार्यों को भी शामिल किया गया है। मंदिर के गेट नंबर 1 को खोलना , रेलिंग बनाना। मंदिर परिसर में शिखर के अलावा अन्य निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। इनमें 6 मीटर सीसी रोड, ब्लॉक, रेलिंग के साथ 1 नंबर गेट को खोलने की योजना भी है।

### 10 साल होने को आए

श्री मंगलनाथ मंदिर के कायाकल्प की शुरूआत सिंहस्थ -2016 में शुरू हुई थी। पिछले 10 वर्ष से यहां सिर्फ नाम मात्र के काम हुए और जो काम हुए उनके भी पत्थर ही अपना धरातल छोडने लगे हैं। पूर्व में इसकी निर्माण एजेंसी दुसरी रही थी। लोक निर्माण विभाग ने इसका काम किया था। इस बार उज्जैन विकास प्राधिकरण इस कायाकल्प को अंजाम दिया जा रहा है। योजना के तहत मंगलनाथ मंदिर के प्राचीन गर्भगृह को यथावत रखते हुए शिखर की ऊंचाई बढ़ाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है। पुराने शिखर की ऊंचाई करीब 16 फीट है। इसे करीब 51 फीट बढ़ाने की योजना है। मंदिर के करीब 200 साल के इतिहास में कायाकल्प में ऐसा पहली बार होगा।

### नागर शैली का शिखर

मंदिर का शिखर नागर शैली में बनाया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रशासनिक कार्यालय, सभा मंडप का विस्तार, पार्किंग का उन्नयन कार्य भी है। मंदिर के मूल शिखर को कायम रखते हुए उसके ऊपर नए शिखर का निर्माण किया जा रहा है। नया शिखर करीब 51 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। स्टोन क्लेडिंग से शिखर को संवारा जाना है।

### धराशायी पत्थरों को पून: स्थापित किया जाएगा

विकास प्राधिकरण के सहायक यंत्री सुनील नागर के अनुसार अभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ अंजाम दिया जा रहा है। शिखर को स्टोन क्लेडिंग से संवारा जाना है । सिंहस्थ 2016 के दौरान मंदिर के गेट के उपरी हिस्से से निकलकर गिर रहे पत्थरों को भी निकालकर मजबूती के साथ लगाया जाएगा और संवारा जाएगा।

## दलालों का काम तेज, मूल आवेदक भटक रहे




समाज का कोई भी वर्ग हो युवाओं के प्रति उसकी जिम्मेदारियों की गंभीरता उसका काम बता रहा है। केंद्र की नौकरियों के लिए अलग से जाति प्रमाण पत्र पेश किए जाते हैं और राज्य के लिए अलग इसका प्रोफार्मा है। केंद्रीय स्तर पर निकलने वाली वेकेंसी के लिए जाति प्रमाण पत्र के लिए आफ लाईन काम होता है और राज्य वाले प्रमाण-पत्र के लिए आनलाईन वाला काम चलता है जिसके सेवा के नाम से केंद्र हैं। वर्तमान में केंद्र की कुछ वेकेंसी में युवा आवेदक आवेदन कर रहे हैं। इसके लिए उन्हे जाति का केंद्र के प्रारूप में प्रमाण पत्र चाहिए । इसके लिए आवेदक अपने दस्तावेजों के साथ संबंधित अधिकारी के यहां आवेदन कर रहे हैं। अव्वल तो उन्हें संबंधित अधिकारियों के यहां से संबंधितों द्वारा सही जानकारी नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही नीचे दलालों का रास्ता बताया जा रहा है। इसके बाद भी अगर कोई नहीं मान रहा है तो फिर चक्कर काटना उसकी मजबूरी बन रहा है। दलालों की इतनी जोरदार सेटिंग है कि उन्हें आवेदन के दुसरे ही दिन प्रमाण पत्र हाथ में मिल रहे हैं और आवेदक की तरफ से नकद सोने के तार वाला माल भी। इसके उलट आवेदक ने अगर स्वयं ही आवेदन किया है और वह प्रमाण-पत्र बनवाना चाहता है तो कम से कम दो-तीन चक्कर उसे खाना है और 4-7 दिन का इंतजार उसे करना ही है। इसके साथ ही संबंधित से उसे जो बहाने सूनने हैं वे साहब दो दिन से नहीं आए इसलिए साईन नहीं हुए हैं। लाईट ही नहीं थी तो आनलाईन राज्य के प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं हो सका है। ऐसे कई सारी व्यथा झकथा आवेदक को सूनना ही है। खुसूर-फुसूर है कि व्यवस्था से दुःखी यही आवेदक बाद में कुर्सियों पर बैठते हैं और उसके बाद भी यह व्यवस्था दशकों से नहीं बदल रही है। हर आवेदक इस व्यवस्था को कोसता है और बाद में वह भी उसी व्यवस्था में घुल मिल जाता है। पिछले कई दशको से यह व्यवस्था अब भी ऐसे ही शोषण के साथ जारी है जिसमें दलाली की प्रथा में कोई तब्दीली नहीं आई है। बहुत कुछ बदल रहा है पर यह व्यवस्था नहीं बदल रही है।

## फिल्म अभिनेत्री ने किए महाकाल दर्शन दूसरी बार आशीर्वाद लेने पहुंचीं मेधा शंकर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अभिनेत्री मेधा शंकर मंगलवार सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुई। उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे ने अभिनेत्री का स्वागत और सत्कार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मेधा शंकर ने बताया कि यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान महाकाल के बहुत अच्छे दर्शन हुए। मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचने के बाद उन्होंने निर्धारित विधि से पूजन किया। उनके आगमन के दौरान



मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही।

मेधा शंकर ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत ब्रिटिश मिनीसीरीज Beecham House (2019) से की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म शादीस्थान और वेब सीरीज दिल बेकरार में सहायक भूमिकाएं निभाईं। उन्हें हिंदी फिल्म 12वीं फेल (2023) से व्यापक पहचान मिली। इसके बाद से वह लगातार फिल्म और मनोरंजन जगत में सक्रिय हैं।

### गुटखा-पाउच से लेकर डिस्पोजल व अन्य सामग्री भी है उपलब्ध

# दुग्ध उत्पादों के अलावा बिक रहे अन्य उत्पाद

### नियमानुसार केवल सांची के उत्पाद ही बेच सकते है न दुग्ध संघ की और से कार्रवाही हो रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से शहर में संचालित सांची पार्लरों पर धड़ल्ले से अन्य उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। नियमानुसार सांची पार्लरों पर केवल सांची के दुग्ध उत्पाद ही बेचे जा सकते हैं लेकिन शहर के सांची पार्लरों पर गुटखा पाउच से लेकर डिस्पोजल,चाय -नाश्ता व पैक खाद्य सामग्री तक बिक रही है। वहीं इनकी आड़ में कुछ जगहों पर अतिक्रमण भी बढ़ रहा है। इस और न दुग्ध संघ की और से कोई कार्रवाई की जा रही है न नगर निगम ध्यान दे रहा है। दैनिक अवंतिका टीम ने जब ऐसे पार्लरों का जायजा लिया तो यहां चाय-नाश्ता, गुटखा-पाउच बीड़ी-सिगरेट भी बिकते मिला। इधर नगर निगम का




कहना है कि इनमें गिनती के सांची पार्लर है जो रजिस्टर्ड है लेकिन कई ऐसे पार्लर है जिनकी आड़ में अन्य सामग्री गुटखा पाउच सहित कई वस्तुएं मिल रही है। व कई पार्लर ने बाहर अतिक्रमण कर रखा है।

### नगर निगम में कुछ ही रजिस्टर्ड

सूत्रों के अनुसार शहर में कई सांची पार्लर संचालित हो रहे है। इन पर बाकायदा सांची का नाम लिखा है लेकिन इनमें से गिनती के पार्लर ही ऐसे है जिन्होंने नगर निगम से लाइसेंस लिया है। अनुबंध के बाद दुग्ध संघ द्वारा एक प्रति नगर निगम को भी भेजी जाती है। सूत्रों के अनुसार कुछ तो सांची का नाम लिखकर अवैध से भी संचालित हो रहे है।

> 'अगर कोई दुग्ध उत्पादों के अलावा अन्य सामग्री बेच रहा है तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा साथ ही जो सांची पार्लर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाएगी और जिन पार्लरों ने अतिक्रमण कर रखा है उनका अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही भी जल्द की जाएगी जल्द ही इनके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।'
>
> -संजेश गुप्ता, उपयंत्री नगर निगम उज्जैन

# श्रम विभाग की टीम सुरक्षा कंपनी की जांच करने महाकाल मंदिर पहुंची

### जांच में मंदिर की सुरक्षा संभालने वाली कोर सिक्योरिटी कंपनी बगैर लाइसेंस के चलती पाई गई, कंपनी द्वारा सुरक्षा कर्मियों को वेतन भी कम दिया जा रहा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मंगलवार को श्रम विभाग की टीम महाकाल मंदिर पहुंची तथा महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली कोर सिक्योरिटी कंपनी की टीम ने मौके पर जांच की तो सामने आया कि जो कंपनी महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए है वह बगैर लेबर लाइसेंस के काम कर रही है। तथा कंपनी द्वारा जिन सुरक्षा कर्मियों को मंदिर में तैनात किया गया है उन्हें वेतन भी कम दिया जा रहा



है। जो शासन द्वारा वेतन निर्धारित किया गया है। उससे कम वेतन मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों को दिया जा रहा है। बताया जाता है कि कोर सिक्योरिटी कंपनी पिछले 2 महीने से महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं लेकिन तभी से कंपनी बगैर लाइसेंस के मंदिर में काम कर रही है। लेबर इंस्पेक्टर सुधीर शर्मा ने बताया कि बगैर लाइसेंस के सिक्योरिटी कंपनी संचालित हो रही है साथ ही मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्धारित वेतन से कम वेतन दिया जा रहा है फिलहाल जो उल्लंघन पाए गए हैं उसके आधार पर कंपनी को नोटिस दिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अघोरी बाबा की चेतावनी, कहा- महायज्ञ की अनुमति नहीं दी तो बदल दूंगा धर्म

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की नगरी में एक ओर सिंहस्थ की तैयारियां चल रही हैं, वहीं कालभैरव घाट पर वर्षों से अखंड खड़ेश्वरी तपस्या कर रहे योगी विष्णुनाथ महाराज 8 से 17 अप्रैल तक 'अष्टधारा मदिरा महायज्ञ' आयोजित करने की तैयारी में हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन अनुमति देने के बजाय उन्हें परेशान कर रहा है। नाराज योगी ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक उनकी कुटिया में पेयजल व बिजली की व्यवस्था बहाल नहीं की गई और जब्त सामान वापस नहीं मिला, तो वे अन्य धर्म अपनाने पर विचार करेंगे।

योगी विष्णुनाथ का कहना है कि वे जनकल्याण और सनातन धर्म की रक्षा के उद्देश्य से महायज्ञ करना चाहते हैं और इसके लिए कलेक्टर व एसपी से अनुमति मांगी है। उनका आरोप है कि प्रशासन ने अनुमति रोकी ही नहीं, बल्कि आश्रम की जल व्यवस्था और अन्य सुविधाएं भी बाधित कर दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि संतों के सम्मान की बात होने के बावजूद एक तपस्वी को साधना से रोका जा रहा है।

योगी का यह भी कहना है कि केंद्र और राज्य-दोनों स्थानों पर सनातन विचारधारा की सरकार होने के बावजूद धार्मिक अनुष्ठान की अनुमति नहीं मिल रही।

## गंभीर और निर्धन रोगियों को मिल रहा निशुल्क उपचार, 1 मार्च तक चलेगा निशुल्क शिविर



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

तीर्थ नगरी में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर में असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से त्वरित लाभ मिल रहा है। 'महाकाल वन मेला 2026' (जबलपुर) में प्रथम पुरस्कार विजेता वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने मानवता के आधार पर कई निर्धन रोगियों का निशुल्क उपचार किया।

नगरकोट निवासी आर्थिक रूप से कमजोर और तीन पुत्रों को खो चुकीं लीला बाई गंभीर दर्द और शुगर से पीड़ित थीं। वैद्य ने उन्हें निशुल्क दवा उपलब्ध कराई, जिससे वे अब चलने-फिरने में सक्षम हैं। उनके लकवाग्रस्त पुत्र का इलाज भी वैद्य द्वारा निशुल्क करने का आश्वासन दिया गया है।

**एक खुराक में दर्द से राहत, निर्धन रोगियों को निशुल्क दवा:** जन्म से दोनों पैरों से दिव्यांग और शुगर से पीड़ित अली मोहम्मद को भी वैद्य ने निशुल्क औषधियां प्रदान कीं। अली ने बताया कि वे दर्द से बेहद परेशान थे, लेकिन अब उन्हें राहत है।

गांधी नगर, नानाखेड़ा के रहवासी अजय प्रजापत मेरुदंड (रीढ़ की हड्डी) और कमर दर्द से पिछले 6-7 माह से परेशान थे, 23 फरवरी को दी गई मात्र एक दिन की दवा से पूर्ण आराम मिला है। मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का निदान कर रहे हैं।

शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक जायसवाल धर्मशाला में संचालित है। वैद्य प्रतिमाह 15 से 19 तारीख तक भोपाल (होटल पार्क, टी.टी. नगर) में भी उपलब्ध रहते हैं। पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 9300644113, 9755703571 पर संपर्क कर सकते है।

## संभागायुक्त आशीष सिंह ने किया स्कूल का निरीक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मंगलवार को शासकीय जीवाजीगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी पढ़ाई और गतिविधियों को समझा।निरीक्षण के दौरान आयुक्त सीधे कक्षा में पहुंचे और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा 'खेल-खेल में पढ़ना सीखो' जैसी गतिविधियों के बारे में पूछा। बालिका इशिता, जानवी और छात्र मोहित ने आयुक्त के सामने पाठ पढ़कर सुनाया, जिस पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**रिजल्ट शीट का निरीक्षण किया:** आयुक्त ने परिणाम आधारित शिक्षण पद्धति और प्रगति रिपोर्ट (रिजल्ट शीट) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और प्रत्येक छात्र की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## ट्रैंडिंग




## मेयर इन कौंसिल की बैठक निरस्त, अब 26 को होगी

**उज्जैन।** मंगलवार को मेयर इन काउंसलिंग की बैठक होने वाली थी लेकिन कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक को निरस्त किया गया तथा अब बैठक की तारीख आगे बढ़ाकर 26 फरवरी निर्धारित की गई है। नगरनिगम मुख्यालय में मेयर इन कौंसिल की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई थी, तथा महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन उनके कक्ष में किया गया था। सभी एमआईसी सदस्य और महापौर बैठक में पहुंच गये थे, लेकिन कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित डाक कर्मियों के सम्मान समारोह में निगम के अधिकारियों की उपस्थिति के कारण बैठक को निरस्त करना पड़ा। कार्तिक मेला ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए।

# गिद्ध गणना में मंदसौर-नीमच जिले में ही 1520 मिले

### गांधीसागर अभ्यारण्य में उत्साहजनक वृद्धि, विदेशी प्रजातियों का भी सुरक्षित ठिकाना बना


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

हाल ही में 20-22 फरवरी के दौरान तीन दिवसीय गिद्धों की गणना में उज्जैन संभाग के मंदसौर झनीमच जिलों से सुखद परिणाम सामने आए हैं। गांधीसागर अभ्यारण्य जहां चीतों का पूर्नआवास बनाया गया है वहां गिद्धों की उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है। दोनों ही जिलों की गणना में मंदसौर जिला के गांधीसागर में 1013 गिद्ध सामने आए हैं तो नीमच में 507 गिद्ध पाए गए हैं।

मंदसौर जिला में स्थित गाँधीसागर वन्यप्राणी अभयारण्य एक बार फिर गिद्धों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। 'प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना 2025-26' के तहत संपन्न हुई । गणना का निरीक्षण मुख्य वन संरक्षक (उउत्र्) उज्जैन वृत्त, आलोक पाठक एवं वनमंडलाधिकारी (ऊत्र्ह) मंदसौर, संजय रायखेरे द्वारा किया गया। गणना के परिणामों में कुल 1013 गिद्ध पाए गए हैं।

### विदेशी गिद्धों में ये प्रजातियां शामिल

विदेशी मेहमान/प्रवासी (3 प्रजातियाँ) शीतकाल (अक्टूबर-नवंबर से मार्च-अप्रैल) के दौरान तिब्बत, मध्य एशिया और हिमालय की ऊँचाइयों से प्रवास कर यहाँ पहुँचती हैं। हिमालयन ग्रिफनः हिमालय के ठंडे क्षेत्रों से आने वाले विशालकाय गिद्ध। यूरेशियन ग्रिफनः लंबी दूरी तय कर आने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रवासी। सिनेरियस गिद्ध दुनिया के सबसे भारी और बड़े गिद्धों में शुमार। डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि गांधीसागर अपनी अनुकुलता के लिए गिद्धों के स्वर्ग के रूप में देखा जाता है। इसके पीछे कारण चंबल नदी के किनारे स्थित ऊँची और दुर्गम चट्टानें गिद्धों को सुरक्षित घोंसले बनाने और प्रजनन के लिए आदर्श स्थान प्रदान करती हैं। अभयारण्य में वन्यजीवों की अच्छी संख्या और आस-पास के क्षेत्रों में पशुधन की उपलब्धता के कारण इन्हें पर्याप्त भोजन मिलता है। चंबल का पानी इनके लिए बारहमासी जल स्त्रोत है।अभयारण्य का शांत वातावरण और सुरक्षित कॉरिडोर इनके फलने-फूलने में मदद करता है। सीसीएफ आलोक पाठक ने बताया कि 'गाँधीसागर में 115 सक्रिय घोंसलों का मिलना इस बात का प्रमाण है कि यहाँ का ईकोसिस्टम बेहद मजबूत है। हम इन 'प्रकृति के सफाईकर्मियों' के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इस गणना कार्य में अधीक्षक अमित राठौर सहित वन विभाग के अमले और पक्षी प्रेमियों का विशेष योगदान रहा।



### विदेशी मेहमान गिद्धों का आगमन भी

गाँधीसागर अभयारण्य केवल स्थानीय गिद्धों का ही नहीं, बल्कि विदेशी प्रजातियों का भी पसंदीदा ठिकाना है। हिमालयन ग्रिफन, यूरेशियन ग्रिफन और सिनेरियस जैसे गिद्ध लंबी दूरी तय कर यहाँ पहुँचते हैं। ये मुख्य रूप से तिब्बत, मध्य एशिया, और हिमालय की ऊँचाइयों से शीतकाल के दौरान प्रवास करते हैं। ये प्रवासी गिद्ध आमतौर पर अक्टूबर-नवंबर के महीने में गाँधीसागर पहुँचते हैं और गर्मी शुरू होने से पहले यानी मार्च-अप्रैल तक यहाँ रुकते हैं। स्थानीय निवासी चार प्रजातियों के गिद्ध वर्ष भर अभयारण्य में रहते हैं और यहीं प्रजनन करते हैं। इनमें भारतीय गिद्ध (Long-billed Vulture)- चंबल की ऊँची चट्टानों पर घोंसले बनाने वाली मुख्य प्रजाति। सफेद पीठ वाला गिद्ध (White-rumped Vulture): पेड़ों पर बसेरा करने वाले ये गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज गिद्ध (Red-headed Vulture): अत्यंत दुर्लभ और विशिष्ट लाल सिर वाली प्रजाति। मिस्त्र का गिद्ध (Egyptian Vulture): आकार में छोटे और सफेद रंग के स्थानीय गिद्ध।

### नीमच में तीन प्रजातियों के 507 गिद्ध

नीमच में पहली बार गणना ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। उपवन मंडल अधिकारी दशरथ अखंड ने बताया, कि मृत पशुओं का मांस खाने वाले प्राकृतिक सफाईकर्मी गिद्धों की संख्या पशुपालकों द्वारा दर्द निवारक दवा डिक्लोफेनेक के उपयोग के कारण विलुप्ति की कगार पर आ गई थी। वन विभाग के लगातार संरक्षण प्रयासों से प्रति वर्ष इनकी संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद और रतनगढ़ वन रेंज तथा जिले की राजस्व भाग में की गई इस गणना में 507 गिद्ध पाए गए। इसमें मध्य प्रदेश में पाए जाने वाली कुल 7 प्रजातियों में से 3 प्रजाति सफेद इजिप्टियन गिद्ध, सफेद पीठ वाले व्हाइट रैम्पड वल्चर, और इंडियन लॉन्ग बिल्ड वल्चर प्रजातियों को जमीन व पेड़ पर या घोंसलों में बैठे वयस्क, अवयस्क गिद्धों की प्रजातिवार संख्या, उनके आवास, पेड़ो और विश्राम करते हुए, घोंसलों में शिशुओं के साथ, भोजन करते हुए, नदी नाले के पास पानी में देखे गए गिद्धों की गणना ऐप में दर्ज की गई। गणना के दौरान सख्ती से इस बात का पालन किया गया कि केवल पेड़ों/चट्टानों पर बैठे गिद्धों को गिना जाए. उड़ते हुए गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया जाता।

सूर्योदय से 9 बजे तक चले इस गणना कार्य में वन अमले के साथ नीमच के विशेषज्ञ एवं ने सक्रिय सहभागिता की।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 25 फरवरी, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में चिन्हित मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदेश के थैलेसीमिया के मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की नि:शुल्क सेवाएं प्रदाय करने के उद्देश्य से "थैलेसीमिया बाल सेवा योजना" के तहत एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के ऑडिटोरियम में नि:शुल्क लछअ टाइपिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग के चिन्हित मरीजों को नि:शुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए उनका एचएलए जांच की गई। यह आयोजन मेदांता फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने थैलेसीमिया से ग्रस्त मरीजों और उनके परिजनों से संवाद किया।

### जनगणना से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय के सभागृह (कक्ष क्रमांक 210) में जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला इंदौर शिवम वर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़ों के आधार पर शासन की योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का समुचित वितरण किया जाता है।

### दिव्यांगजनों के अधिकारों के संबंध में प्रशिक्षण दिया

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल के अधीक्षक श्री मनोज साहू ने जानकारी दी कि संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सतीश सोलंकी, संजय सक्सेना, अध्यक्ष जैनिथ सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं डॉ. पंकज मारू, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विशेषज्ञ द्वारा समस्त जेल अधिकारी/कर्मचारियों को गत दिवस दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जेल अधीक्षक द्वारा समानता एवं भेदभाव रहित व्यवहार के सिद्धांत, दिव्यांगता से संबंधित चुनौतियों का उचित ढंग से प्रबंधन एवं संयुक्त राष्ट्र की विशेष आवश्यकताओं वाले कैदियों पर हेण्डबुक के अनुरूप उपयुक्त भाषा व्यवहार का प्रयोग करना बताया गया।

### कार्य की कार्ययोजना बना कर कार्यप्रगति सुनिश्चित करें-कलेक्टर

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे 29 कि.मी. से अधिक लंबाई के नवीन घाट निर्माण के कार्य का जीवनखेड़ी में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने प्रगतिरत कार्य में अर्थवर्क,जीएसबी लेयर के कार्य को खुदवाकर गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गईं कि आज दिनांक को की वॉल और टो वॉल का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रत्येक दिन के कार्य की कार्ययोजना बना कर कार्यप्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जल संसाधन विभाग के सिंहस्थ अनुभाग के सभी 13 इंजीनियर को प्रत्येक दिन घाट निर्माण के कार्य की अलग-अलग निर्माण कार्य साइट्स का प्रत्येक दिवस निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी,निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने शुरू की खामियां ढूंढने की कोशिश, निकाली जानकारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा ने चुनावी तैयारियों को लेकर अंदरूनी जानकारियां शरू कर दी है और ये भी माना जा रहा है कि अब जिस तरीके से बदलाव की बातें हो रही है। उससे वोट बैंक की तरफ जाना जरूरी हो गया है। कारण यह है कि अंदरुनी लड़ाई अब बढ़ती चली जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से भाजपा और कांग्रेस के बीच जो अनबन और विवाद की स्थिति दिख रही है, उससे पार्टी को भी नुकसान होने लगा है और पूरी कार्रवाई को लेकर झंझट हो रही है।

भाजपा को कहीं न कहीं नुकसान के आसार दिख रहे है, कारण यह है कि भागीरथपुरा कांड के बाद जो स्थिति बनी है उससे तो यही लग रहा है कि आने वाले दिनों में पार्टी को नुकसान हो सकता है और इसके लिए अभी से गुपचुप तरीके से सर्वे हो रहा है। इसके लिए पूरी तैयारी यह है कि क्या नाराजगी है उसका पता लगाने का काम शरू हो गया है। मंत्रियों के बयान और भागीरथपुरा कांड ना के साथ शहर की समस्या के मुद्दे पर भाजपा की किरकिरी हो रही है इतना है ही नहीं विवाद के आसार भी दिख रहे है।

पार्टी को नुकसान हो रहा है ऐसी । स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है? इस बात का पता लगाने का काम शुरू क हो गया है। अगले वर्ष नगर निगम चुनाव है और उसके पहले ही पार्टी की है जो छबि सामने आ रही है वह अलग हो गई है। उस छबि को कैसे सुधारा से जाए और मतदाताओं में पूरा माहौल बना रहे इसके लिए भी काम शरू हो , गया है। अब उन कामोंक लेकर जो बातचीत की जा रही है उसमें और मतदाताओं के रुख को भी समझा जा रहा है। लंबे समय से यह बात सामने के आ रही है कि भाजपा के फीडबैक को लेकर नाराजगी दिख रही है। और और इसी नाराजगी की वजह बताने की कोशिश चल रही है और इसके लिए अभी से प्रयास किए जा रहे है।

### प्रभारी होंगे संगठन महामंत्री की भूमिका में

एक सत्र में बताया गया कि पहले संभागीय संगठन मंत्री और जिला महामंत्री का पद रहता था, लेकिन अब संभागीय संगठन मंत्री पार्टी के ही वरिष्ठ नेता रहेंगे और जिला संगठन मंत्री के रूप में जिला प्रभारी काम करेंगे, जिनकी नियुक्ति की जा चुकी है। सभी प्रभारियों को लगातार अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्र में संगठन की मजबूती और संगठन द्वारा दिए जाने वाले कामों को करने के निर्देश दिए गए।

### वरिष्ठ नेता पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे

जामवाल ने भाजपा के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बिठाकर काम करें, ताकि लोगों में सकारात्मक संदेश जाए। अगर सत्ता और संगठन दोनों एक साथ काम करेंगे तो आम लोगों में संगठन का महत्व बढ़ेगा, जिसके लिए संगठन जाना जाता है। इसके अलावा आजीवन सहयोग निधि को लेकर भी प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जल्द से जल्द ये काम निपटा लें, ताकि फिर प्रशिक्षण वर्ग इत्मीनान से हो सके। बैठक में तय हुआ कि आगामी 11 मार्च से प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जाएगा। इस बार पहले मंडल की कार्यकारिणी को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए दो दिनी वर्ग लगेगा, जिसमें एक रात पदाधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर रुकना होगा। वहीं जिले की कार्यकारिणी का प्रशिक्षण अप्रैल माह में होगा, जो तीन दिन का होगा, जिसमें दो रात पदाधिकारियों को वहीं रुकना होगा। इस दौरान संगठन की स्थापना, रीति-नीति और आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना की जानकारी दी जाएगी।

### 11 मार्च से शुरू होंगे भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग

भाजपा अपने पदाधिकारियों को संगठन के कामकाज और रीति-नीति समझाने के लिए 11 मार्च से प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करेगी। इस वर्ग में विभिन्न सत्रों के माध्यम से पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रम कैसे संचालित करें, इसकी जानकारी भी दी जाएगी। जिला स्तर पर दो रात तो मंडल स्तर पर एक रात प्रशिक्षण वर्ग में रुकना अनिवार्य होगा। भाजपा अपने कार्यकताओं को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराने के लिए ट्रेनिंग देती है। वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ जिलों में भी कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। इन्हें ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन किए जाएंगे। गतदिवस भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सोलंकी, प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी केसी पटेल के साथ मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन प्रभारी अजय जामवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और प्रत्येक जिले से 5-5 की संख्या में बुलाए गए प्रशिक्षण वर्ग की टोली के कार्यकर्ता थे।

## आगामी सिंहस्थ-2028 को लेकर पुलिस विभाग की तैयारियां शुरू

# एक्सपर्ट ने बताई चुनौतियाँ और प्रबंधन के उपाय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगामी सिंहस्थ-2028 के सुरक्षित और सुचारू आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से उज्जैन में पुलिस विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में आगामी सिंहस्थ की चुनौतियों, तैयारियों, भीड़ एवं यातायात प्रबंधन तथा बल और सामग्री प्रबंधन (लॉजिस्टिक्स) को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंथन किया गया। सेमीनार का उद्घाटन डीजी ईओडब्ल्यू उपेंद्र जैन द्वारा किया गया। उन्होंने 2004 के संघर्ष के दौरान चुनौतियों और चुनौतियों के संबंध में की गई विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अत्यधिक तकनीक के इस्तेमाल की आवश्यकता पर बल दिया।

### चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटा जा सके

यह सेमिनार प्रयागराज कुंभ के अनुभवों पर आधारित प्रशिक्षण अवधारणा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों एवं एडीजी स्तर के अधिकारियों को फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। सेमिनार में स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय संसाधन व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिससे जमीनी स्तर के अनुभवों का प्रभावी आदान-प्रदान हो सके। साथ ही, आगामी समय में नवीन बैच के आईपीएस अधिकारियों तथा एएसपी/एसडीओपी स्तर के अधिकारियों को लक्षित करते हुए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि सिंहस्थ-2028 के दौरान सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटा जा सके। उज्जैन के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा सिंहस्थ-2028 के पूवार्नुमान एवं तैयारियों की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया, उसके बाद उज्जैन जोन के आईजी राकेश गुप्ता ने सिंहस्थ 2016 के अपने अनुभवों को साझा किए।

### मौजूद रहें प्रदेश के सीनियर पुलिस अधिकारी

सेमिनार में मध्यप्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) एवं विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित कुल 52 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह द्वारा सिंहस्थ में बल के प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार का संचालन करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक, विशेष शाखा, तरुण नायक द्वारा प्रशिक्षण विश्लेषण के संदर्भ में 4-र मॉडल की उपयोगिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों हेतु यह प्रशिक्षण योजना 4-र मॉडल के आधार पर विश्लेषित एवं निर्मित की जाएगी।

## 3 गाडियाँ रोज होती है शहर से चोरी, बड़ी गैंग सक्रिय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में रिटायर्ड लोग अधिक संख्या में बस रहे हैं और कॉलोनियाँ बढ़ रही है। इसके साथ ही अपराधों में वृद्धि हो रही है। हर तरह के अपराधों की संख्या बढ़ी है और वाहन चोरी के मामलों में भी अधिक घटनाएँ हो रही है। अगर संख्या देखे तो लगभग 3 गाडि?ँ उज्जैन क्षेत्र से चोरी होती हैं और इसके बाद वाहन चालक परेशान होता है।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन शहर और आस पास के क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं, चोर दो पहिया वाहनों को बस स्टैंड, पार्किंग से कम बल्कि घर से सामने से ही चोरी कर रहे हैं, घर के सामने बाइक खड़ी कर व्यक्ति जैसे ही घर के अंदर जाता है ओर यदि पांच मिनट बाद भी घर से बाहर आता है तो बाहर उसकी बाइक खड़ी नहीं मिलती। क्योंकि चोर उसे चोरी कर ले जाते हैं। ऐसा कोई पहला दूसरा मामला नहीं है। इस तरह घर के सामने से अनेकों लोगों की बाइक व अन्य वाहन गायब हो चुके है।

वाहन चोर इतने शातिर हैं कि वे चंद मिनटों में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। लोगों को अब घर के सामने वाहन खड़ा करने मे भी डर लगने लगा है। बड़ा सवाल यह है कि अधिकांश मामलों में पुलिस को चोरों के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, बावजूद चोर पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर हैं।

## ढाबारोड क्षेत्र में दो दिन से 10 घंटे की बिजली कटौती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ढाबारोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण में रहवासी अब खुद मकान-दुकानें तोड़ रहे हैं। एक ओर अपने घर टूटने की पीड़ा, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की बेरुखी लोगों का दर्द और बढ़ा रही है।

वार्ड 21 में गोपाल मंदिर, ढाबारोड, दानीगेट के बीच 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए लोग खुद अपने घरों के हिस्से हटा रहे हैं पर सड़कों पर फैला मलबा परेशानी बढ़ा रहा है। वहीं निर्माण कार्य के दौरान पर पिछले दो दिनों से ढाबारोड सहित आसपास क्षेत्र की सुबह 9 से शाम 7 बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। वहीं रात में भी कई बार बिजली बंद हो रही है। इससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। रहवासियों का कहना है कि हम प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहे हैं, लेकिन हमारी सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। 10 घंटे लगातार बिजली बंद होने पीने के पानी तक की किल्लत होने लगी है। बोर्ड एग्जाम भी चल रही है, जिससे स्टूडेंट्स को भी काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय पार्षद ने बताया कि इलाके में चौड़ीकरण का काम चल रहा है। वर्षों पुराने मकान है, इसलिए लोग खुद ही अतिक्रमण हटा रहे हैं। लेकिन निगम द्वारा समय पर मलबा नहीं हटाए जाने से परेशानी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक बिजली कटौती पर एमपीईबी के अधिकारियों से शिकायत करने पर जवाब मिला कि नगर निगम अधिकारी ही बता पाएंगे, कब लाइट चालू की जाएगी। वहीं मलबा नहीं हटाए जाने से ड्रेनेज लाइन भी चौक होने लगी है।

## रघुपति राघव और वंदे मातरम के मूल स्वरूप से की छेड़छाड़

# समाज को परोसा अधूरा ज्ञान -कुलश्रेष्ठ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच भटकते समाज और युवा वर्ग को अपनी संस्कृति की ओर अग्रसर करने, भेदभाव दूर करने और सभी सनातनियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रप्रेम को हृदय में जगाना सभी देशवासियों की जिम्मेदारी है। सनातन धर्म के कई ऐसे तथ्य हैं जो युवा पीढ़ी के सामने कभी लाए ही नहीं गए। कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए रघुपति राघव राजा राम... और वंदे मातरम्... के कुछ खास हिस्से हटाकर समाज के सामने अधूरा ज्ञान परोसा गया।

यह बात राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में कही। कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह यादव ने बताया श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान द्वारा वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम में कुलश्रेष्ठ ने 181 मिनट के उद्बोधन में सनातन धर्म के कई ऐसे पन्ने उजागर किए, जो युवा पीढ़ी के सामने कभी नहीं लाए गए। उन्होंने रघुपति राघव राजा राम... और वंदे मातरम... से हटाई गई पंक्तियां भी श्रोताओं को सुनाई और तथ्यात्मक जानकारी समाज के सामने रखी। संस्था अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया रविवार शाम को हुए इस सकल हिंदू समाज के कार्यक्रम में देशभर के कई शहरों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। युवा वंश यादव ने कहा इस वक्तव्य से सकल हिंदू समाज में ऊर्जा का संचार होगा और युवा सनातन धर्म के हर तीज-त्यौहार पूरे रीति-रिवाज के साथ मनाएंगे।

### अतिथियों ने किया संबोधित

मुख्य अतिथि विक्रम विवि के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों को गोधन (गाय के गोबर से निर्मित) स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच संस्थाओं संत सत्कार समिति, भारत विकास परिषद संदीपनी, हरिओम वृक्ष मित्र मंडल, हम हिंदुस्तानी और अनाज तिलहन व्यवसाय संघ का का सम्मान किया गया। आयोजन में संरक्षक नारायण यादव, अक्षिता यादव, विधायक चिंतामणि मालवीय, पूर्व मंत्री पारस जैन, मुकेश लखवानी, राहुल नागवंशी, श्याम महेश्वरी, भगवान शर्मा, अभिषेक गोयल, डॉ. सुशील खंडेलवाल, डॉ. राजेंद्र बंसल, जितेंद्र अक्षत, सुरेंद्र जोशी, राजेश पसारी, आनंद महेश्वरी, राजेंद्र यादव, सुरेश पोरवाल, अजय भातखंडे, दीपक राजवानी, ईश्वर पटेल, ओम गुप्ता और हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के सदस्य उपस्थित थे। आभार मनोज गरवाल ने माना।

### पटना, बनारस और गोरखपुर के लिए चलेंगी 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

उज्जैन। होली के त्योहार को देखते हुए रेलवे ने पांच स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। एक ट्रेन डॉ. आंबेडकर नगर से पटना के बीच चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 09343 डॉ. आंबेडकर नगर-पटना साप्ताहिक स्पेशल हर गुरुवार को 18 बजे डा. आंबेडकर नगर से चलकर रतलाम मंडल के इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन एवं मक्सी होते हुए अगले दिन 18:30 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन डा. आंबेडकर नगर से 26 फरवरी से 26 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09344 पटना-डा. आंबेडकर नगर स्पेशल हर शुक्रवार को 21:30 बजे पटना से चलकर रतलाम मंडल के मक्सी, उज्जैन, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज एवं इंदौर होते हुए अगले दिन 23:55 बजे डा. आंबेडकर नगर पहुंचेगी।

## विशेषज्ञों ने शिक्षा, संस्कृति और आत्मविश्वास पर किया मार्ग दर्शन

# एनएसएस शिविर में बौद्धिक सत्र आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय , उज्जैन द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 को सबसे पहले लागू करके बहुआयामी शिक्षा और कौशल विकास के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। इसी दिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों को शिक्षा के रूप में विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल हैं।

उपरोक्त उद्गार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने ग्राम डोंगला में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे 07 दिवसीय शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र में अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों को डिजिटल शिक्षा के महत्व समझाते हुए अपने संबोधन में व्यक्त किए और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से विचार रखें । उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 को सरल शब्दों में समझाते हुए भारत 2047 के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर चर्चा की । उन्होंने विद्यार्थियों को बहुआयामी शिक्षा , कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी ।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 20 फरवरी से ग्राम डोंगला में आयोजित शिविर के चौथे दिवस 23 फरवरी को बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया ।

### संस्कृति से जुड़ाव व्यक्ति के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाता

डॉ. ठाकुर ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि वे समाज के लिए अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहे हैं । उन्होंने पर्यावरण संरक्षण , लोक परंपराओं को अपनाने और सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने संग्रह की आदत विकसित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इतिहास और संस्कृति से जुड़ाव व्यक्ति के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाता है । साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि यदि मन की शक्ति दृढ़ हो तो जीवन में कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है तथा सफलता मिलने पर कभी अहंकार नहीं करना चाहिए ।विशेष वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी जे. एस. तोमर ने अनुशासन , आर्थिक पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए ।

### समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया

मुख्य वक्ता के रूप में निदेशक, अश्विनी शोध संस्थान एवं कॉइन विशेषज्ञ डॉ. आर. सी. ठाकुर उपस्थित रहे । उन्होंने सिक्कों और मुद्राओं के इतिहास के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को विस्तार से समझाया । उन्होंने बताया कि विभिन्न राजा-महाराजाओं ने अपने सिक्कों पर हिंदी भाषा में लेख अंकित करवाए, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है । इसके पश्चात डॉ. हेमंत लोदवाल ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिविर जैसी गतिविधियाँ व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, निरंतर प्रयास और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कृषि अध्ययनशाला विजिटिंग फैकल्टी डॉ. अविनाश शर्मा एवं राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ. उमा चौहान की भी उपस्थिति रही

# रबी उपार्जन के अंतर्गत अब तक जिले में 37 हजार किसानों ने किया पंजीयन

**शाला में प्रवेश के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें - कलेक्टर**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रबी उपार्जन की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि अभी तक जिले में 37 हजार किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर द्वारा फसल गिरदावरी कार्य की समीक्षा कर शत प्रतिशत कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में गत 21 फरवरी को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफलता से पूर्ण होने पर नोडल अधिकारी श्री संदीप सिंह, सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और जमीनी अमले को बधाई दी।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में दिए गए निर्देश अनुसार सभी अधिकारी लोकसेवा ग्यारंटी अधिनियम अंतर्गत आवेदनों को समय सीमा में निराकृत अनिवार्यतः करें, लापरवाही बरतने पर पेनल्टी लगाई जाएगी। सभी विभागों में ई-आफिस का क्रियांवयन सुनिश्चित करें, ई आफिस के क्रियांवयन के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो वो भी दिया जाएगा। वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत सभी विकासखंडों में एक-एक ग्राम का चयन किया जाए। उक्त योजना अंतर्गत ग्रामों में कार्य तेजी से किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं का हेंडओवर समारोह पूर्वक आयोजित किया जाए।

बैठक में लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ने जानाकारी दी कि विगत जनवरी माह में 11 योजनाओं का हेंडओवर समारोहपूर्वक किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने महिला बाल विकास अधिकारी और डीपीसी को निर्देश दिए कि आगामी 30 सितंबर को 06 वर्ष के होने वाले बच्चों को शाला में प्रवेश दिलवाया जाना है। इसके लिए सभी आवश्यक दस्तावेज बच्चों के उन्हें उपलब्ध कराएं जाए।

# दुख तो तभी मिटेगा



क्या दुख केवल शब्द है या वास्तविकता? यदि वह वास्तविकता है, तो इसका संबंध किससे है? किसी आकार से, अनुभव से या किसी चीज से, जो आपके पास है या नहीं है? अगर वह चीज आपके पास है, तो आप उसे सुख कहते हैं; यदि वह आपके पास नहीं है, तो वह दुख है। यानी, जब दुख होता है, तो वह किसी स्थिति से संबंधित होता है। वह स्वयं नहीं हो सकता, जैसे भय अपने आप नहीं हो सकता। इसका संबंध किसी व्यक्ति, घटना या भावना से होता है। अब, आप दुख के प्रति पूरी तरह से जागरूक हैं; तो क्या वह दुख आपसे अलग है, और इसलिए आप क्या निरीक्षक मात्र हैं, जो दुख को देख भर रहे हैं अथवा यह दुख आप ही हैं? जब दुख भोगने वाला निरीक्षक नहीं, तो क्या दुख आपसे भिन्न है? दुख आप ही हैं। आप पीड़ा से अलग नहीं हैं। आप ही पीड़ा हैं। जब आप ही वह हैं, तब क्या होता है? जब आप उसे नामांकित नहीं करते, जब उसके विषय में कोई भय नहीं है, तो क्या केंद्र का, यानी ह्यमैंह्ण का उससे संबंध है? यदि केंद्र उससे संबंधित है, तो वह उससे भयभीत है। तब उसके लिए सक्रिय हो उठना और उस विषय में कुछ करना आवश्यक हो जाता है, लेकिन यदि केंद्र ही यह है, तो आप क्या करेंगे? उस स्थिति में करने के लिए कुछ शेष नहीं रहता। तब क्या आप कहेंगे कि आप दुख भोग रहे हैं? निस्संदेह, तब एक आमूल परिवर्तन होता है। इस अवस्था में ह्यमैं दुख भोग रहा हूं ऐसी अनुभूति नहीं रहती, क्योंकि दुख भोगने के लिए कोई केंद्र नही रहता। हम केवल शब्दों और प्रतिक्रियाओं के बीच जीते हैं। हम कभी यह नहीं कहते, देखें तो कि वह हस्ती क्या है, जो दुख भोगती है। दबाव और अनुशासन के जरिये हम इसे नहीं देख पाएंगे। इसे अभिरुचि के साथ, सहज सोच-समझ के साथ देखने की जरूरत है। तब आप देखेंगे कि वह चीज, जिसे आप दुख अथवा पीड़ा कहते हैं, जिससे हम बचते हैं, और अनुशासन वगैरह नदारद हो चुके होते हैं। जब तक हम किसी चीज को अपने से बाहर मानकर उससे संबंधित नहीं होते, कोई समस्या नहीं होती; जैसे ही हम किसी चीज को अपने से बाहर देखकर रिश्ता जोड़ते हैं, समस्या आ धमकती है। यदि हम ही वह विषय-वस्तु हैं और इस तथ्य को हम देख लेते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है। बात ही कुछ और हो जाती है। तभी पूर्ण अवधान (ध्यान), समग्र अवधान संभव है; और जिसे पूरे ध्यान से देख लिया जाता है, वह समझ में आकर विसर्जित हो जाता है, इसलिए भय नहीं रहता और दुख शब्द का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है।



**सम्पादकीय**

## दुखद छात्र राजनीति

राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का एक बार फिर हिंसक राजनीति की वजह से चर्चा में आना दुखद ही नहीं, शर्मनाक भी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उचित ही इसे गंभीरता से लिया है। उच्च शिक्षा के इस परिसर में अशांति फैलाने की किसी भी कोशिश या साजिश का यथोचित उपचार होना चाहिए। देर रात में, जब छात्रों के पढ़ने या सोने का वक्त होता है, तब जेएनयू में गुटों के बीच झड़पें हो रही थीं। सोमवार के शुरू होते ही रात के डेढ़ बजे जेएनयू में उपद्रव की स्थिति बन गई। छात्रों का वाम गुट इन दिनों कुलपति के इस्तीफे की मांग कर रहा है। इस मांग के पक्ष में चल रहे प्रदर्शन के बाद ही स्थितियां बिगड़ीं और छात्रों के बीच झड़प हुई। मोटे तौर पर हम जानते हैं कि जेएनयू में छात्र वामपंथी और दक्षिणपंथी खेमों में बंटे हुए हैं। अक्सर दोनों के बीच खींचतान होती है, पर सोमवार को दोनों के बीच जो झड़प हुई है, उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे प्रदर्शनों को हिंसक बनने से रोकने के हरसंभव उपाय होने चाहिए।

जेएनयू प्रशासन के मुताबिक, प्रदर्शनकारी छात्रों ने कथित तौर पर कई शैक्षणिक भवनों में ताला लगा दिया था। यह भी दावा किया गया है कि कुछ प्रदर्शनकारी छात्र केंद्रीय पुस्तकालय में घुस गए और वहां मौजूद छात्रों को धमकाया। ध्यान रहे कि विश्वविद्यालय के नियमों और भारतीय न्याय संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसका असर छात्रों के जीवन पर पड़ सकता है। क्या जेएनयू में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया? क्या छात्रों के किसी समूह ने हिंसा का सहारा लिया? क्या निर्दोष छात्रों को पीटा गया? ऐसे अनगिनत सवाल या आरोप हैं, जिन पर ईमानदारी से विचार की जरूरत है। जेएनयू में किसी भी तरह की अराजकता नहीं रहनी चाहिए। छात्रों को सीधी राजनीति से बचना चाहिए। हालांकि, इस राजनीति से बचने के लिए सच का सामने आना जरूरी है। ध्यान रहे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने वामपंथ समर्थित छात्र संगठनों पर परिसर में पढ़ रहे छात्रों पर हमला करने का आरोप लगाया है, तो वामपंथी छात्र समूहों का आरोप है कि विद्यार्थी परिषद ने हिंसा शुरू की। आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच आखिर सच क्या है? क्या जेएनयू में छात्र शक्ति की आंच पर कोई सियासी पार्टी अपनी रोटियां सेंक रही है? यह बहुत जरूरी है कि जेएनयू में छात्रों को एक ही निगाह से देखा जाए। जो छात्र कानून-व्यवस्था को अपने हाथ में लेना चाहते हैं, उन पर यथोचित कार्रवाई हो, पर जो छात्र शांति और सद्भाव की परिधि में अपनी मांग रख रहे हैं, उन्हें ऐसा करने की पूरी छूट हो।

### बदलते पोषण परिदृश्य में सूचित विकल्प का अधिकार

## आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्त्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएँ प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत—जैसे उच्च शर्करा, उच्च नमक या उच्च वसा—उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है। किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाजार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाजार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतरराष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है। सरल लेबलिंग उपभोक्ता को दैनिक जीवन के छोटे निर्णयों में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का अवसर देती है। यह उपचार के बजाय रोकथाम पर बल देने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति को सुदृढ़ करती है।

विश्व स्तर पर भी स्पष्ट और व्याख्यात्मक लेबलिंग प्रणालियों को प्रभावी माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह रेखांकित किया है कि विशेषकर विकासशील देशों में सरल और चेतावनी-आधारित संकेत उपभोक्ता समझ को बढ़ाते हैं तथा आहार संबंधी व्यवहार में परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। यह केवल उपभोक्ता को ही नहीं, बल्कि उत्पाद निमार्ताओं को भी अपने उत्पादों की संरचना में सुधार के लिए प्रेरित करता है।

उद्योग जगत का एक वर्ग यह तर्क देता है कि कठोर लेबलिंग से बिक्री घट सकती है और छोटे उत्पादक प्रभावित हो सकते हैं। किंतु अनुभव यह दशार्ता है कि जब स्पष्ट मानक निर्धारित होते हैं, तो उद्योग नवाचार और पुनर्संरचना के माध्यम से स्वयं को अनुकूलित कर लेता है। यदि उपभोक्ता उच्च शर्करा या नमक वाले उत्पादों से बचने लगते हैं, तो उत्पादक स्वाभाविक रूप से उनके स्तर को कम करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार लेबलिंग स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है।

भारतीय संदर्भ में खाद्य नियमन का दायित्व भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के पास है। साथ ही, भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर बल दिया है। यह स्पष्ट संकेत है कि खाद्य लेबलिंग केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यापक सार्वजनिक हित का विषय है।

फिर भी इस व्यवस्था के क्रियान्वयन में कई चुनौतियाँ हैं। पहली चुनौती उद्योग का प्रतिरोध है, जो इसे आर्थिक दृष्टि से हानिकारक मानता है। दूसरी चुनौती लेबलिंग के स्वरूप को लेकर मतभेद है—क्या चेतावनी आधारित मॉडल अपनाया जाए या किसी प्रकार की श्रेणीकरण प्रणाली। तीसरी चुनौती प्रवर्तन और निगरानी की है, क्योंकि देश में लाखों खाद्य उत्पाद उपलब्ध हैं। चौथी चुनौती उपभोक्ता साक्षरता की है, विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्गों में, जहाँ पोषण संबंधी जागरूकता सीमित है।

इन चुनौतियों का समाधान संतुलित और चरणबद्ध नीति के माध्यम से संभव है। व्यापक जन-जागरूकता अभियान, सरल प्रतीकों का प्रयोग और कठोर प्रवर्तन तंत्र इस दिशा में सहायक हो सकते हैं। विद्यालयों और सामुदायिक स्तर पर पोषण शिक्षा को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, ताकि लेबलिंग का संदेश प्रभावी ढंग से समझा जा सके।

## कुर्सीनामा

इतिहास गवाह है कि इस देश में दो ही चीजें अमर हैं—एक तो वह फाइल जिसे बाबू ने 'पेंडिंग' डाल दिया हो, और दूसरा वह रहस्य जिसका समाधान निकालने के लिए कमेटी गठित कर दी गई हो।

किस्सा शुरू हुआ कस्बे के एकमात्र 'एलीट' क्लब से, जहाँ सरकारी अमला शाम को चाय के प्याले में तूफान और व्हिस्की के गिलास में जनतंत्र की शुद्धि ढूँढता था। अचानक खबर उड़ी कि राजधानी से एक 'अति-गोपनीय' अधिकारी आ रहे हैं। उनका नाम क्या है? किसी को नहीं पता। वह कब आएँगे? इसकी जानकारी बस गुप्तचर विभाग को है, और चूँकि गुप्तचर विभाग खुद सो रहा था, इसलिए पूरा कस्बा एक अनिश्चित रोमांच की गिरफ्त में आ गया।

तहसीलदार साहब ने आनन-फानन में अपनी टूटी हुई जीप को नया पेंट करवाया, यह सोचकर कि क्या पता साहब को 'विंटेज' पसंद हो। पुलिस कप्तान ने अपनी मूँछों को और अधिक ताव दिया, ताकि अनुशासन की पहली किरण उन्हीं के चेहरे से फूटे। लेकिन रहस्य तब गहरा गया जब सर्किट हाउस के कमरा नंबर 4 में एक सूटकेस मिला।

सूटकेस चमड़े का था, जिस पर सुनहरे अक्षरों में लिखा था—'परम गोपनीयः केवल राष्ट्रहित में'। पूरे जिले में खलबली मच गई। क्या इसमें परमाणु कोड हैं? क्या इसमें अगले चुनाव की गुप्त रणनीतियाँ हैं? या फिर इसमें वह लिस्ट है जिसमें उन सभी अधिकारियों के नाम हैं जिनकी छुट्टी होने वाली है?

अगले तीन दिन तक पूरा प्रशासन उस सूटकेस के इर्द-गिर्द परिक्रमा करता रहा। तहसीलदार साहब ने तर्क दिया कि इसे खोलना 'प्रोटोकॉल' के खिलाफ है, जबकि दरोगा जी का मानना था कि ₹राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कानून की जंजीरें तोड़नी पड़ती हैं।₹ अंततः, एक 'हाई-पावर्ड' मीटिंग बुलाई गई। जिले के तमाम बुद्धिजीवी, जो आमतौर पर राशन कार्ड की धांधली सुलझाने में नाकाम रहते थे, वहाँ 'राष्ट्रीय सुरक्षा' पर व्याख्यान देने लगे।

माहौल में ऐसा रहस्य था जैसे किसी जासूसी उपन्यास का आखिरी पन्ना गायब हो। डर और रोमांच का आलम यह था कि चपरासी ने भी साहब को पानी पिलाना छोड़ दिया, क्योंकि उसे लगा कि शायद साहब ही वह 'अंडरकवर' अधिकारी हों।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 फरवरी 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 18:24
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - नवमी 02:41 उपरांत दसमी
नक्षत्र - रोहिणी 13:39 उपरांत मृगशिरा
योग - विष्कुंभ 25:28 उपरांत प्रीति
करण - बालव
चन्द्रमा - वृषभ में है। 24:55 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 07 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है।

**वृषभ-** व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन-** मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**सिंह-** यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

**कन्या-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। आय में कमी होगी।

**वृश्चिक-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें।

**धनु-** अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी।

**मकर-** कारोबार में वृद्धि होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें।

**कुंभ-** आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन-** भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## इंदौर एमबीए छात्रा मर्डर केस, अपनी जिंदगी के प्रति उद्देश्यहीन और बेखबर युवा वर्ग

विगत कुछ दिनों पूर्व एजुकेशन हब के नाम से प्रसिद्ध इंदौर महानगर में कॉलेज स्टूडेंट्स का दिल दहला देने वाली घटना को जिसने भी सुना और पढ़ा आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रहे की एक बॉयफ्रेंड अपनी साथी छात्रा को किस तरह से बर्बाद करके मौत के घाट उतारता है और जब इस बारे में मीडिया और पुलिस सब-इंस्पेक्टर उस उद्देश्यहीन छात्र से पूछते हैं कि तुमने ऐसा क्यों किया तो उद्देश्यहीन छात्र चेहरे पर हंसी के साथ इस तरह से जवाब देता है कि सुनने वाले भी स्तम्भ रह जाते हैं । आश्चर्य की बात नहीं है स्टूडेंट्स लाइफ में बॉयफ्रेंड का एक चलन सा हो गया है जिनका बॉयफ्रेंड नहीं होता है उन्हें पिछड़ा हुआ समझा जाता है । बड़े-बड़े नगरीय क्षेत्रों में अधिकांश छात्र छात्राएं बिना जोड़े के भी नहीं रहते हैं इसलिए एक दूसरे के प्रति आकर्षण होना आम बात हो गई है । इंदौर में एमबीए की छात्रा और छात्र पीयूष का मामला भी बॉयफ्रेंड गर्लफ्रेंड का ही लगता है। दोनों में दोस्ती थी । लेकिन पीयूष अपनी साथी छात्रा पर पूरी तरह विश्वास नहीं जता पाया हो और एमबीए की छात्रा को अपनी दोस्ती के बहाने पाने की जिद में उद्देश्यहीन हो गया होगा ? यूज एंड थ्रो के नक्शे कदम पर चल रहा होगा पीयूष धामनोतिया । पीयूष का प्यार केवल नाटक बाजी रहा, केवल मौज मजे के लिए एमबीए की छात्रा को पाना चाहता होगा पीयूष । लड़की के मना करने पर पीयूष भड़क गया और नशे का सहारा लेकर जोर जबरदस्ती की और फिर बेरहमी से उसे मार डाला । नशे की हालत में पीयूष फिर गुस्से में उबला और फिर छात्रा के शव के साथ दरिंदगी की हद पार करता गया । और.एक छात्र ने नशे में बहुत बड़े कांड को कर डाला । ताज्जुब की बात यह है कि जब से यह मोबाईल आया है स्कूल/ कालेजों के बच्चे पढ़ाई को छोडकर उसमें रमने लगे हैं । अधिकतर रात बेरात मोबाईल में ही लगे रहते हैं । एक समय ऐसा भी गुजरा है कि बच्चा घर के बाहर कहीं दूर पढ़ाई के लिए जाता था तो उसका अपना कैरियर बनाने के लिए एक उद्देश्य हुआ करता था। की पढ़ाई करने के बाद अपने माता-पिता की सेवा करेगा । लेकिन अब वो बात कहा है । अब अगर बच्चे नहीं पढ़ते हैं और क्लास में नहीं बैठते हैं, होम वर्क नहीं करते हैं, प्रोजेक्ट नही बनाते हैं, सीसीई समय-समय पर नहीं देते हैं या पढ़ाई के प्रति उदासीन रहते हैं तो माता पिता भाई बंधु, शिक्षक, प्रोफेसर दो चार बार समझाइश दे देते हैं इसके बाद भी नहीं सुनते हैं तो वो घोड़ा और वो मैदान गिरेंगे तो तुम्हें ही भारी पड़ने वाला है । पहले अब से 30- 40 बरस की शिक्षा और थी । उस दौरान या पहले स्कूल/ कालेजों के अधिकांश छात्र अपने साथ पढ़ने वाली सहपाठी छात्राओं की ढाल और रक्षक हुआ करते थे और उनको उनके घर तक छोड़ भी आते थे, उनके परिवार के लोग भी प्रसन्नचित हो जाते थे । और अब तो माहौल ही बिगड़ गया है । अपने सहपाठी के साथ ऐसा वैसा कैसे कर सकते हो । खैर छोड़ो जो.जैसा करेगा वो वैसा ही भरेगा । चंद पलो के मजे को पूरा करने के लिए पीयूष जैसे और भी कई युवा होगे जो अपनी खूबसूरत जिंदगी के प्रति उद्देश्यहीन और बेखबर होते जा रहे हैं।





डॉ. मदनलाल गांगले
(दैनिक अवन्तिका)

## क्या आपका 10 साल का बच्चा बिस्तर गीला करता है?

ऐसे कई पेरेंट्स हैं जिनके बच्चे बिस्तर पर पेशाब कर देते हैं। इस समस्या से कई लोग जूझ रहे होंगे। बच्चों को बिस्तर पर पेशाब करने की समस्या बहुत बड़ी चिंता और शर्मिंदगी का कारण बन जाती है। अक्सर होता है कि दवाइयां भी काम नहीं करती हैं, लेकिन आपकी इस समस्या का हल आपकी रसोई में ही मौजूद है। बता दें कि, हल्दी वाला दूध किसी वरदान से कम नहीं है। यह पुराना नुस्खा न केवल इम्यूनिटी बढ़ाता है, बल्कि बच्चों में यूरिन कंट्रोल को बेहतर बनाने में भी चमत्कारी असर दिखाता है। यदि आपका बच्चा सोते समय बिस्तर में पेशाब करता है, तो यह नुस्खा एक बार जरुर ट्राई करें। यह नुस्खा पूरी तरह से नेचुरल है और इसके कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है। आइए आपको इसे बनाने के तरीके और फायदे बताते हैं।

आपको बस उबलते हुए दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर देने से शरीर में बदलाव आने हैं, जो बच्चों में रात को सोते समय पेशाब निकलने की समस्या को रोक सकते हैं। आइए आपको बताते हैं यह कैसे काम करता है।



### ब्लैडर की मसल्स में मजबूती

खासतौर पर हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुण होते हैं, जो ब्लैडर (मूत्राशय) की मसल्स को अंदरूनी मजबूतू देते हैं, जिससे बच्चा पेशाब को ज्यादा देर तक रोक पाता है।

### शरीर में गर्माहट

आयुर्वेद के अनुसार जब शरीर में अत्यधिक ठंडक बढ़ जाती है, तो पेशाब बार-बार आने की समस्या हो सकती है। हल्दी की तासीर गर्म मानी जाती है, जो शरीर को अंदर से गर्माहट प्रदान करती है। इससे शरीर का संतुलन बना रहता है और बार-बार मूत्र त्याग की परेशानी कम करने में मदद मिल सकती है।

### नर्वस सिस्टम को सुकून

एक्सपर्ट के मुताबिक, हल्दी ब्रेन और नर्व को शांत करती है। जब बच्चा गहरी और तनावमुक्त नींद सोता है, जिससे उसका दिमाग भी शरीर के संकेतों को अच्छी तरह से समझ पाता है।

### पाचन होता है बेहतर

खराब पाचन से भी कई बार रात को परेशानी होती है। हल्दी पेट को साफ रखने में मदद करती है। इससे शरीर भी रात को रिलैक्स रहता है।

### हल्दी वाले दूध की सामग्री

- 1 कप गुनगुना दूध
- 1/4 चम्मच शुद्ध हल्दी

### हल्दी वाला दूध बनाने का तरीका


- एक पैन में दूध डालकर उबालें।
- अब खौलते हुए दूध में थोड़ी-सी हल्दी मिलाएं।

हल्दी वाला दूध पीने का सही समय

**धर्म-आस्था**

## क्या कलियुग में पुनर्जन्म बढ़ जाता है? कलियुग में आत्मा कितनी बार जन्म लेती है?

हिन्दू अध्यात्म के अनुसार आत्माएं मरती नहीं, बल्कि बार-बार जन्म लेती हैं। ऐसे में मन में ये जिज्ञासा पैदा होना वाजिब है कि एक आत्मा कितनी बार जन्म लेती है, खासकर इस कलियुग में कोई आत्मा कितनी बार जन्म लेगी। अगर आपके मन में भी है ये सवाल, तो चलिए इसका जवाब समझने का प्रयास करते हैं...



हिन्दू धर्म के कई ग्रंथों में आत्मा और पुनर्जन्म की बात कही गयी है। इसलिये, हर आत्मा का लक्ष्य इस जन्म-मृत्यु के चक्र से बाहर आकर मोक्ष पाना है। लेकिन जब तक मोक्ष नहीं मिलता, आत्मा को इस संसार में अपने कर्मों को भोगने के लिए बार-बार जन्म लेना ही पड़ता है। ऐसे में मन में जिज्ञासा होती है कि एक आत्मा कम-से-कम कितनी बार जन्म लेती होगी? सवाल यह भी है कि हर युग में तो फिर भी कष्ट कम होगा लेकिन कलियुग में, जहां अधर्म अपने चरम पर होगा, इस युग में आत्मा को कष्ट भोगने के लिए कितनी बार आना होगा?

### कलियुग में आत्मा का पुनर्जन्म

किसी आत्मा के जन्म लेने की घटना कई कारणों से प्रभावित होती है, जैसे कि उसके कर्म, युग और उस युग में मनुष्य की औसत उम्र। कर्मों के आधार पर किसी आत्मा की योनि तय होती है और ग्रंथों में लगभग 84 लाख योनि बताई गयी है। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के बाद आत्मा 3 से 40 दिनों के भीतर नया जन्म ले सकती है। अगर सिर्फ मनुष्य योनि की बात की जाए, तो माना यह जाता है कि मनुष्य योनि में आत्मा लगभग 4 लाख बार जन्म ले सकती है। अब युग की बात करते हैं। धर्मग्रंथों में चार युग की बात की गयी है। हर युग में मनुष्य की औसत आयु अलग-अलग है। सतयुग और त्रेता युग में तो एक आदमी की औसत आयु हजारों वर्षों की होती थी और सतयुग 17 लाख 28 हजार वर्षों और त्रेतायुग 1,296,000 वर्षों का था। द्वापर युग 8,64,000 वर्षों का था, जिसमें एक व्यक्ति 1000 साल तक जी सकता था। इन सारे युगों में आत्मा के जन्म लेने की आवृत्ति कम होगी क्योंकि मनुष्यों की औसत आयु बहुत ज्यादा थी।

कलियुग कुल 4,32,000 वर्षों का है। यह चारों युगों में सबसे छोटा युग है। कलियुग में अब तक लगभग 5,100 से अधिक वर्ष बीत चुके हैं। इस युग में एक मनुष्य की औसत आयु 100 साल मानी गयी है, तो जानकारों का मानना है कि कलियुग में किसी भी आत्मा का जन्म लगभग 45 बार होता है। कलियुग को संघर्ष और मोह का युग माना जाता है, इसलिए आत्मा को बार-बार अवसर मिलता है कि वह धर्म और सत्य की ओर लौटे। हालांकि, कुछ जानकारों का मानना है कि कलियुग में अधर्म और अज्ञान बढ़ने से कर्म-बंधन बढ़ सकता है। कर्म-बंधन बढ़े तो पुनर्जन्म का चक्र लंबा खिंच सकता है। कलियुग जब समाप्त होगा, तो फिर से सतयुग शुरू होगा और आत्माएं जन्म लेंगी। कलियुग में इस बात की संभावना जरूर बढ़ जाती है कि कई आत्माएं अपने कर्मों को काटकर मोक्ष की ओर बढ़ चुकी होंगी क्योंकि कलियुग में कई आत्माएं कष्ट भोगेंगी।

कुछ जानकारों के अनुसार कुछ आत्माएं एक युग में केवल एक बार जन्म लेती हैं, जबकि कुछ आत्माएं कई बार जन्म लेती हैं और कुछ आत्माएं तो एक युग में एक बार भी जन्म नहीं लेती हैं। जन्म लेने की गणना आत्मा के कर्मों और चेतना की अवस्था पर भी निर्भर करता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,59,000, रवा- 1,58,800 चांदी-टंच- 2,63,200 पाट- 2,62,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com


शिविर में 350 मरीजों का परीक्षण हुआ

## उच्च शिक्षा मंत्री ने आयोजकों का सरहानीय कदम बताया

**शुजालपुर।** आष्टा रोड स्थित पाटीदार छात्रावास शुजालपुर में जिंदल अस्पताल भोपाल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने किया तथा अध्यक्षता समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जे पी परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, न्यास अध्यक्ष हरिचरण मंगलावत मौजूद रहे। इस शिविर में बडी संख्या में क्षेत्र से नागरिकों ने शामिल होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कैंसर संबंधी रोग, मुंह का छाला, सिस्ट गांठ, गठिया व जोड़ों का दर्द, घुटना प्रत्यारोपण संबंधी सलाह, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पेट एवं पाइल्स की समस्या, थायराइड, फेफ ड़ों से संबंधित रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर लगभग 350 मरीजों को परामर्श दिया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर जैन, डॉ. अभिषेक तिवारी , डॉ. गौतम चतुवेर्दी, आई सर्जन डॉ. राजू मंगलावत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी मंगलावत, महिला एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आफ रीन अली सहित अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने इस शिविर को आयोजन समिति का अच्छा कदम बताते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के सफ ल आयोजन में समिति सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मांगीलाल लेवे व आभार न्यास सचिव रघुवीर पाटीदार ने माना।

## सड़क दुर्घटना में घायल मजहर लाला की मौत

**शुजालपुर।** नेशनल हाईवे 752सी आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर तीन दिवस पूर्व हुई भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दुध व्यवसायी मजहर लाला पिता मसूद खां निवासी कृष्णानगर शुजालपुर मंडी की उपचार के दौरान भोपाल में रविवार की रात को मृत्यू हो गई। बता दे दो कारों के बीच हुई इस दुर्घटना में गोंदी थाना आष्टा निवासी बद्रीप्रसाद पिता बावलजी परमार की घटना स्थल पर ही मृत्यू हो गई थी।



साथ ही इस दुर्घटना में तीन अन्य घायल हुए थे। यह सड़क दुर्घटना किशोनी जोड के आगे 20 फरवरी की सुबह हुई थी, गोंदी निवासी ग्रामीण विवाह समारोह में शामिल होने के लिए शुजालपुर की और कार से आ रहे थे तो शुजालपुर सिटी दुध सग्रहण के लिए मजहर लाला जेठडा जोड की और जा रहे थे तभी दोनों कारों के बीच आमने सामने की टक्कर हुई थी। इस दुर्घटना के बाद मजहर लाला कार से बाहर गिरने के बाद काफी दुर तक सड़क पर घसटाते हुए गए थे और शरीर में गंभीर चोटे होने पर भोपाल रेफर किया गया था, मृतक मजहर के शव का परीक्षण भोपाल अस्पताल में हुआ और अंतिम संस्कार शुजालपुर में किया गया।

## नगर हो या हाइवे रोड पर आधी अधूरी चल रही स्टेट लाइट जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**तनोडिया।** नगर में मुस्लिम समाज के रमजान व अन्य त्योहार चल रहे है। वैसे तो स्ट्रीट लाइट वर्षों से लगी है जहां कहीं बार बीच में जिम्मेदारों के लापरवाही से बंद हो गई थी वहीं अब फिर स्टेट लाइट नई आबादी क्षेत्र,बाजार ,गली मोहल्ले,मेन बाजार, क्षेत्र में ही चल रही जहां उसमें भी कुछ गलियो में कई अन्य जगहों पर आधी अधूरी लाइट बंद पड़ी हुई है। और जहां लगी हुई है, वहां बल्ब लाइट खराब पडी हुई है जहां इसको लेकर कहीं बार सोशल मीडिया पर अभी जिम्मेदारों का अवगत कराया फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहे वही एक और नगर में से निकला आगर उज्जैन हाइवे रोड पर खीमाखेडी जोड से लगाकर रावण टेकरी तक रोड के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से सर्विस रोड की दोनों तरफ की आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पडी हुई है। जिससे आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना तो घायल तक हो गये। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण उनके लिए आम बात हो गई है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन व स्थानीय ग्राम पंचायत से मांग कि है कि आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है,उसे ठीक करवाई जाए। जिससे आए दिन दुर्घटना और छोटी मोटी चोरी आम बात हो गई है। नगर में गत दिनों ग्राम पंचायत द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट तेज हवा और बारिश के कारण खराब पड़ी हुई है। रहवासी नारायण सिंह, जीवन पतरोड, बग्दुलाल पतरोड, मुकेश पतरोड, महेश मालवीय पंच जीवन जमादार, राधेश्याम जमादार मांगुबाई पतरोड आदि ने संवाददाता को बताया कि हमारे मोहल्ले में नालिया भी क्षतिग्रस्त और रोड भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। और अधेरा में रहना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन इस ओर ध्यान दें।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

ग्रामीण बोले- आरोपी को पकड़ो या विवाद सुलझाओ, पुलिस से बार-बार शिकायत

# गांव में चोरी-नुकसानी कर पर्ची से धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के बीएनपी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बड़ा मालसा में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ग्रामीणों के घरों में लगातार चोरी और तोड़फोड़ की वारदातों को अंजाम दे रहा है और वारदात के बाद खुद ही पर्ची छोड़कर इसकी जिम्मेदारी भी ले रहा है। वर्तमान में इस सिरफिरे व्यक्ति की धमकियों से पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण पुलिस से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है।

पुलिस को दिए गए आवेदन और घटनास्थलों पर मिली पर्ची के अनुसार, आरोपी का नाम पीरूलाल (पिता तोलाराम) है, जो शाजापुर जिले के ग्राम सिंगारचोरी का निवासी है। उसने अपनी पर्ची में स्पष्ट लिखा है कि उसे ग्राम बड़ा मालसा के निवासी राकेश नायक से बेटी की शादी से जुड़े एक विवाद के चलते 3.50 लाख रुपये लेने हैं। आरोपी ने पर्ची के जरिए खुलेआम धमकी दी है कि जब तक उसे यह पैसा नहीं मिलेगा, वह गांव में इसी तरह चोरी करता रहेगा और लोगों का नुकसान करता रहेगा।



### व्यक्तिगत विवाद की सजा भुगत रहे निर्दोष ग्रामीण

ग्राम बड़ा मालसा के निवासी शेखर कुमावत ने बताया कि आरोपी पीरूलाल का विवाद गांव के एक व्यक्ति से व्यक्तिगत है, लेकिन अपनी दुश्मनी निकालने और दबाव बनाने के लिए वह गांव के अन्य लोगों के घरों में चोरी और तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचा रहा है। इस हरकत से गांव के निर्दोष ग्रामीण काफी परेशान हो रहे हैं और उन्हें बेवजह मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### 3-4 बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई ठोस कार्रवाई

परेशान ग्रामीणों ने बताया कि वे इस संबंध में पहले भी तीन से चार बार बीएनपी थाने में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। अब उन्होंने एक बार फिर पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि आरोपी और संबंधित व्यक्ति के बीच पैसों का विवाद सुलझाने में मदद की जाए और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव में दोबारा शांति कायम हो सके।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा भव्य शिव जयंती महोत्सव आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिव जयंती महोत्सव के अंतर्गत संगम चौराहा स्थित बड़नगर सेवा केंद्र पर भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार रूपाली जैन, विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन अनीता सतीश वर्मा थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रतलाम से पधारी राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की। मुख्य अतिथि तहसीलदारजैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावनाओं और संकल्पों में सकारात्मक परिवर्तन कर जीवन की अनेक परिस्थितियों को बदला जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के संपर्क में आने के बाद वे प्रतिदिन प्रातः सकारात्मक संकल्प के साथ दिन की शुरूआत करती हैं। सकारात्मक सोच से वातावरण प्रभावित होता है और दिन श्रेष्ठ बनता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने की। उन्होंने कहा कि शिव भोलेनाथ संपूर्ण सृष्टि के नियंता होते हुए भी एक स्थान पर स्थित रहकर समस्त चराचर जगत को गतिशील बनाते हैं। परमात्मा की स्मृति में रहकर किए गए कर्म जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करते हैं। जागरण का अर्थ सजगता से कार्य करना है। बेलपत्र के तीन पत्ते सृष्टि के स्थापना, पालन और विनाश के कर्तव्यों का प्रतीक हैं, तथा शिवलिंग पर त्रिपुंड तीनों लोकों के स्वामित्व का संकेत देता है। विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति यदि परमात्मा की स्मृति में रहकर भोजन बनाती है तो वह भोजन प्रसाद रूप बनकर परिवार में श्रेष्ठ संस्कारों का संचार करता है। नामली से पधारी पार्वती दीदी ने शिव जयंती की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन मिनट की परमात्म स्मृति से किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं दुपट्टे से ब्रह्माकुमारी नीलम बहन एवं आरती बहन द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन एवं शिव ध्वज फहराने के साथ सभी ने बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को जीवन में धारण करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का संचालन बहन धर्मा कोठारी ने किया तथा सेवा केंद्र संचालिका नीलम बहन ने आभार व्यक्त किया।

## पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों ने किया कुंडालिया बांध का भ्रमण

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं जल शुद्धिकरण प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से कुंडालिया बांध तथा स्थानीय वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थी कुंडालिया बांध पहुंचकर जल संग्रहण प्रणाली, सिंचाई व्यवस्था एवं बांध की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत हुए। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि यह बांध क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और कृषि सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों ने जल स्तर नियंत्रण, गेट संचालन और जल वितरण व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया, जहां उन्हें पानी को शुद्ध करने की विभिन्न प्रक्रियाओं—जैसे छनन, क्लोरीनीकरण एवं सुरक्षित संग्रहण—के बारे में विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार अशुद्ध जल को वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से स्वच्छ एवं पेयजल में परिवर्तित किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और विद्यार्थियों को इसके महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए।

## मन की बात समाज में जागरूकता एवं ऊर्जा का संचार करती- सिकरवार

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का श्रवण जिले के सभी मंडलों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इसी क्रम में कैंट मंडल के बूथ संख्या 155 पर मन की बात कार्यक्रम का 131 वाँ संस्करण का श्रवण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला मंत्री अनिल जैन, मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, बूथ अध्यक्ष श्रीमती सोनम संजीव कुशवाह, नरेंद्र बड़कुल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिकरवार ने कहा कि ह्यमन की बात कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं समूहों की सराहना की तथा उनके प्रयासों को देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## तिलकेश्वर महादेव मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य धार्मिक आयोजन



**महिदपुर।** पुलिस आवासीय परिसर स्थित प्राचीन श्री तिलकेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर जीर्णोद्धार, शिखर एवं कलश स्थापना की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत 22 फरवरी को एक दिवसीय श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसकी पूर्णाहुति 23 फरवरी 2026 को वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूर्व थाना प्रभारी राजवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्षगांठ अवसर पर रामायण पाठ पूर्णाहुति, यज्ञ नारायण पूजन, महाआरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। हवन-पूजन में राजवीर सिंह गुर्जर, अजीत सिंह गुर्जर, रामप्रकाश सिंह गुर्जर तथा बालकृष्ण जी सपत्नीक शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर के छात्रावास में निवासरत छात्राएं, विभिन्न मंदिरों के पुजारीगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक-धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा व्यापारिक वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर महाप्रसादी ग्रहण की और मंदिर की समृद्धि एवं क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की।

## शुभम गुर्जर मंत्री नियुक्त

**आगर मालवा।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,संभाग प्रभारी सांसद श्रीमती लता वानखेड़े,प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी जयदीप पटेल, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय की अनुशंसा व विधायक मधु गहलोत की सहमति से नगर मंडल कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे युवा गुर्जर महासभा जिला अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता शुभम गुर्जर आगर को भाजपा नगर मंडल में नगर मंत्री नियुक्त किया।

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की वेद नगर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड कंमाक- ए-8/17 एफ (प्रथम तल) (1) श्री नाथूलाल वर्मा पिता श्री गोपीलाल वर्मा एवं (2) श्रीमती कल्पना वर्मा पति श्री नाथूलाल वर्मा के संयुक्त नाम पर दर्ज है।

(1) श्री नाथूलाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 11.10.2008 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर मृतक के वारिसानो पुत्रो (1) श्री देवेन्द्र वर्मा पिता स्व. नाथूलाल वर्मा, (2) श्री महेन्द्र वर्मा पिता स्व. नाथूलाल वर्मा एवं पुत्री (3) श्रीमती आरती ठाकुर पति श्री ब्रजेशकुमार ठाकुर पिता स्व. नाथूलाल वर्मा निवासीगण - एल.आई. जी. ए-8/17 वेद नगर, सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 11.12.2025 को अपनी माताजी श्रीमती कल्पना वर्मा पति स्व. नाथूलाल वर्मा निवासी- एल.आई.जी. ए-8/17 वेद नगर, सांवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर सम्पादित किया गया है। श्रीमती कल्पना वर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपुर्ति लेख, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति स्वयं के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उत्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखंडस्वामी प्रसन्न सिंह बहरावत पिता उदयसिंह जी बहरावत निवासी- इंदौर के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखंड कमांक ए-8/7, त्रिवेणी विहार योजना, उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 309.60 वर्गमीटर है, जो आवासीय उपयोग का है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 24-02-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर - 99264 66157**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भवर सिंह पिता सजनसिंह, निवासी ग्राम कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 446 रकबा 1.070 हेक्टेयर व सर्वे नं. 447 रकबा 1.039 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 02 कुल रकबा 2.109 हेक्टेयर भूमि को किराये पर लेने का अनुबंध किया गया हे स्थित ग्राम कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन, भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट) कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन**
**कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे मो. 89658-09867 89826-49381**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी 1) विजय पटेल पिता श्री रतिलालजी पटेल, 2) निकित पटेल पिता श्री रतिलालजी पटेल, निवासीगण 96/13, दिनेश पेट्रोल पंप के पास, सांवेर रोड, उज्जैन म०प्र०, के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड/प्लिंथ क्रमांक 57 व 58 जो कि आर. के. एवेन्यू कॉलोनी, नानाखेड़ा, उज्जैन म०प्र० में हैं। जिसमें प्रत्येक भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 59.34 वर्गमीटर या 638.73 वर्गफीट हैं, को क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही दस्तावेज विक्रय पत्र का संपादन एवं निष्पादन होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07-सात दिवस में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति अर्थात उक्त संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 24/02/2026, स्थानः- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन मोबाईल नं. 94240-45740**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा फिरोज पटेल पिता बाबू पटेल निवासी ग्राम कदवा तहसील सांवेर जिला इन्दौर के स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम रलायता हेबत तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर जिसका सर्वे नंबर 631 रकबा 0.58 हैक्टेयर भूमि को भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया है। उक्त कृषि भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था, इत्यादि का भार, बोझा, हित, अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से (7) सात दिनो में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अवधि पश्चात विक्रय पत्र का पंजीयन / योग्य लिखापढी मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं रहेगा।

**एडवोकेट राजेश चौधरी**
**न्यायालय परिसर सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**
**मो. नंबर 8959891948**

**सावधान ! जाहिर सूचना ! सावधान**

नवोदय विनायक ग्रुप द्वारा विकसित कॉलोनी विनायक पार्क पवासा मक्सी रोड़ उज्जैन के भूखण्डो के संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार श्री उपेन्द्र सिंह भदौरिया, निवासी उज्जैन, वर्तमान निवास 420-421, प्रीमियम पेराडाइज, अरविन्दो हास्पिटल के पास, जाख्या जिला इन्दौर द्वारा नवोदय विनायक ग्रुप द्वारा विकसित कॉलोनी विनायक पार्क पवासा मक्सी रोड़ उज्जैन में भूखण्ड क्र. 151, साईज 930 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 152, साईज 800 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 153, साईज 750 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 154, साईज 750 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 155, साईज 700 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 156, साईज 650 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 157 साईज 650 वर्गफीट, भूखण्ड क्र. 158, साईज 600 वर्गफीट एवम भूखण्ड क्र. 159, साईज 600 वर्गफीट, इस प्रकार कुल 09 भूखण्ड हमारे उक्त पक्षकार द्वारा संपूर्ण राशि अदा करके क्रय कर लिये है, जिसका विक्रय पत्र का निष्पादन एवम् पंजीयन होना शेष है, इसके अलावा अन्य किसी प्रकार कोई लेनदेन शेष नही है। शीघ्र ही विक्रय पत्र का निष्पादन एवम पंजीयन होना हैं। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को उपरोक्त वर्णित भूखण्डो के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नही करे। यदि किसी को, किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मय लेखी प्रमाण मुझसे सम्पर्क करें बाद मियाद सदर भूखण्डो के विक्रयपत्र का निष्पादन और पंजीयन हमारे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा और कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। दिनांक 25.02.2026

**पंडित मनोज व्यास, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**एल.जी.-18, डे टॉवर, केनरा बैंक के नीचे, 19/1, मनोरमागंज, पलासिया, इन्दौर मो.न. 98260-96187**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री शिवा धरमानी पिता श्री रमेशजी धरमानी निवासी-17/1, सिंधी कालोनी, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य के भवन जो भूमि सर्वे नम्बर-1075 का भाग स्थित कमल कालोनी 2, उज्जैन म.प्र. जिसकी पेमाईश लम्बाई 35.00 फीट एवम चोड़ाई 11 फीट यानी कुल क्षेत्रफल 385 वर्गफीट हैं जिसके पूर्व में दिवार वीर नगर, पश्चिम में : रोड़, उत्तर में -: मकान कुबेर सिंह ठाकुर, व दक्षिण में मकान अनिल का मिला हैं को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवा लिये हैं एवम शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय-पत्र का सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो या कोई वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 24-02-2026, स्थान- उज्जैन,

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी-4 भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो.बा. 98270 15929, 90980 85783**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा संजय सिंह पिता गोपालसिंह निवासी मोहन नगर उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम रलायता हेबत तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर जिसका सर्वे नंबर 630/2, 632/4, 632/5 रकबा क्रमशः 0.30, 0.50, 0.50 हैक्टेयर भूमि को भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया है। उक्त कृषि भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था, इत्यादि का भार, बोझा, हित, अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से (7) सात दिनो में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अवधि पश्चात विक्रय पत्र पंजीयन / योग्य लिखापढी मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो का बंधनकारी रहेगा।

**एडवोकेट राजेश चौधरी**
**न्यायालय परिसर सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**
**मो. नंबर-89598 91948**



## शिक्षा, संगठन और समाज उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें-गौतम टेटवाल

**सारंगपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर मऊ में संत शिरोमणि गुरु रविदासजी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने सम्मिलित होकर श्रद्धापूर्वक नमन किया। आदर्श मेघवाल (जांगडा) समाज विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं की सहभागिता सें कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ संपन्ना हुआ। मुख्यमंत्री राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदासजी ने अपने जीवन और वचनों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का अमर संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा हमें आंतरिक शुद्धता, सदाचार और सकारात्मक चिंतन का मार्ग दिखाता है। राज्यमंत्री ने कहा कि संतश्री ने जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हम सभी का दायित्व है कि उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, संगठन और समाज उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें। इस अवसर पर मेघवाल समाज महासंघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भवानी शंकर वर्मा, जगदीश वर्मा, मऊ सरपंच रईस मंसूरी, पड़ाना सरपंच गोकुल दुगारिया, अशोक वर्मा, परमानंद वर्मा, अनार सिंह वर्मा, रामचंद्र जलालिया, राजेश रातलिया, मुकेश मेघवाल, रामचंद्र पटोदिया, डॉ. बालू सिंह, सिद्धनाथ वर्मा सहित समाज के प्रांत एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

## बैठक में अहम निर्णय डीजे बगैर अनुमति नहीं बना सकेंगे



**कानड़।** आगामी त्योहारों को लेकर सोमवार को पुलिस थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी पर्व होली ,रंग पंचमी ईद व रामनवमी और अनेक पर्व को लेकर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने चर्चा की वही बैठक में अहम निर्णय लिया गया कि 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है गृह मंत्रालय के निर्देश अनुसार डीजे प्रतिबंध किया गया है डीजे की अनुमति होगी तभी डीजे बजा सकेंगे।बैठक के दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार सेनानी थाना प्रभारी राजकुमार दांगी नगर परिषद सीएमओ, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ,शहर कजी सरफराज अली , नासिर अली बने सिंहचौहान देवकरण बीजापारी मुकेश केलकर शंकर कुमावत हेमराज गोस्वामी कालूराम कमल सोंधिया शेर मोहम्मद मंसूर विद्युत विभाग से दिनेश कुमार दोनों समुदाय लोग बैठक में उपस्थित हुए।

## सेन परिवार द्वारा नेत्रदान का निर्णय कर समाज में मिसाल कायम की



**खाचरौद।** लालचंद नरसिंह सेन राठौर के आकस्मिक निधन का समाचार दुःखद है। इस कठिन समय में उनके परिवारजनों द्वारा नेत्रदान जैसा महान एवं प्रेरणादायी निर्णय लेकर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की गई। परिवार मैं उनके पुत्र दीपक सेन, संजय सेन एवं यश जी सेन द्वारा लिया गया यह पुण्य निर्णय पूरे खाचरोद के सेन समाज के लिए गर्व का विषय है। इस सराहनीय कार्य की नगर में भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।यह नेत्रदान का पावन कार्य जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद के प्रयासों से एवं गीता भवन न्यास समिति के डॉक्टर ददरवाल एवं उनकी टीम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह मैत्री खाचरोद परिवार का 15वां नेत्रदान है। इस पुण्य कार्य में अध्यक्ष राजेंद्र नंदेचा, अरुण लुणावत, अनिल लोढ़ा, राजेश चोपड़ा एवं नितेश भटेवरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के पैदल यात्रा करने वाले संत का किया स्वागत




**महिदपुर रोड।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इस उद्देश्य को लेकर महाकालेश्वर उज्जैन से राजस्थान स्थित तनोट माता के मंदिर तक की पैदल यात्रा के संकल्प के साथ निकले संतोष त्रिवेदी (गुरु) का महिदपुर रोड आगमन पर नगर के विभिन्न समाज जनों उनका स्वागत करते हुए उनके पावन उद्देश्य को नैतिक समर्थन दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कमल सिंह पवार मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान दशरथ राठौर सेवा राम जाट मुकेश कोचर ब्रजमोहन पोरवाल रामा मीणा नरेंद्र कसेरा जसप्रीत मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में अन्य युवा उपस्थित रहे।

कांग्रेसजन व किसानों ने निकाली रैली पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने गरजते हुए कहा

# अन्नदाता आत्महत्या को मजबूर, शासन मौन क्यों? ओलावृष्टि से गेहूँ और लहसुन की फसल बुरी तरह बर्बाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



विधानसभा क्षेत्र बड़नगर में हाल ही में हुई अधिक वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह नष्ट हो गईं। इस गंभीर स्थिति को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी बड़नगर, सेवादल, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, मण्डलम कमेटी, सेक्टर कमेटी, जनपद सदस्यगण, पार्षदगण, सरपंचगण सहित 218 विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों किसानों ने पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में स्थानीय कोर्ट चौराहा से रैली निकालकर दो घंटे तक एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराते हुए किसानों की समस्याओं का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र परासर को सौंपा।

धरना स्थल पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने किसानों की समस्याओं को बुलंदी से रखते हुए कहा कि ओलावृष्टि से गेहूँ और लहसुन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। एक माह पूर्व भी बारिश से फसलें नष्ट हुई थीं, लेकिन आज तक न तो सर्वे हुआ और न ही मुआवजा राशि किसानों को मिली। स्थिति इतनी भयावह है कि अन्नदाता आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है। यदि शासन ने शीघ्र राहत व मुआवजा बीमा राशि नहीं दी तो कांग्रेस कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना देकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।

ज्ञापन में प्रभावित ग्रामों की लंबी सूची प्रस्तुत की गई, जिनमें देहटा, केशरपुरा, अमलावदकलां, जमालपुरा, पलसोडा, चिरोला कला, राठौरखेडी, करडवास, लिम्बास, ओरडी, मलोडा, बरडिया, बडगाँवा, लोहाना, असावता सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र का उल्लेख रहा। किसानों ने मांग की कि तत्काल सर्वे कराकर राहत राशि और बीमा भुगतान किया जाए।

साथ ही ज्ञापन में नगर की स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्रशासनिक समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा गया । कजलाना स्थित नवनिर्मित अस्पताल की दूरी के कारण महिलाओं को प्रसूति में भारी असुविधा हो रही है। नगर में ही प्रसूति व्यवस्था एवं इमरजेंसी वार्ड की मांग की गई।ऑक्सीजन प्लांट नगर में ही स्थापित है, जिसका लाभ तभी संभव है जब मुख्य सेवाएँ नगर में संचालित हों।, सीसीटीवी कैमरे और सूचना प्रसारक स्पीकर लंबे समय से बंद हैं, जिससे अवैध गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। इन्हें तत्काल चालू करने की मांग की गई।, नामांतरण के मामले महीनों से लंबित हैं, जिनके शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश देने की मांग की गई।, मनरेगा योजना का नाम बदलने का विरोध करते हुए जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की गई।, नगर में दूषित पेयजल वितरण से बीमारियां फेल रही है किन्तु शासन-प्रशासन मोन रहकर बड़ी दूर्घटना के इंतजार में है । नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने, आवारा पशुओं की समस्या हल करने और प्रधानमंत्री सड़क योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर सड़कों की मरम्मत की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

ज्ञापन का वाचन बड़नगर ब्लाक सेवादल अध्यक्ष सुनील मकवाना ने दिया । उक्त जानकारी पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुकेशसिंह देवड़ा ने दी ।

### ये रहे मौजूद

इस धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरेशी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, नेता प्रतिपक्ष अजहरउद्दीन, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, सरपंच गोपालसिंह गेहलोत, रामेश्वर बैरागी जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, पूर्व खरसौदकलां ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रसिंह राठौर, पूर्व सेवादल अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बद्रीलाल आचार्य, युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लाक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, बड़नगर ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द माली, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, एडवोकेट महेश विजयवर्गीय, नीलेश शर्मा, दिलीपसिंह भाटी, जुझारलाल प्रजापत, राजेन्द्रसिंह सिसौदिया, लाखनसिंह सिसौदिया, प्रकाश प्रजापत, शरीफ शाह, आनंदीलाल चौधरी, संजय योगी, गुलाम हुसैन, हुकुमचन्द हारोड़, दौलत चौधरी, चरणजीतसिंह सलुजा, अमजद शाह, विजय कुमारिया, पवन प्रजापत, उमाशंकर मेहता, अंसारअली, मुकद्दर पटेल, उमरावसिंह गुर्जर, सरफु भाई, वनीषराज कटारिया, जितेन्द्र गुर्जर,पूर्व पार्षद चांद खा, नरेंद्र राठौड़, नानूराम गरवाल, बलरामसिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए ।

## श्री देव वासुकी नाग मंदिर में सुंदर काण्ड के बाद आयोजित भंडारे में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कायथा



अति प्राचीन प्रसिद्ध श्री देव वासुकी नाग मंदिर काली कराड़ कायथा मे प्रति वषार्नुसार इस वर्ष भी 22 फरवरी को जनसहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, इसके पूर्व 21 फरवरी को रात्रि जागरण भजन संध्या ग्राम होशियारी की प्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से भक्ति का वातावरण बनगया, रविवार को सुबह 8 बजे उज्जैन के पंडित राहुल मेहता, पं. इंद्रजीत मेहता पं. हर्ष नागर द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण से श्री देव वासुकी नाग महाराज का दुग्धाभिषेक किया गया सुबह 10 बजे से खेड़ापति सरकार भक्त मंडली मक्सी द्वारा संगीत मय सुंदर काण्ड का पाठ किया गया जिसमें मुकेश भावसार द्वारा मधुर भजनों को सुनकर भक्तजन जम कर थिरकने लगे इस स्थान पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला अवसर था मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य धार्मिक अनुष्ठान का, जिसमें नगर कायथा सहित आस पास के गाँव तथा दुर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने देव दर्शन किए धार्मिक अनुष्ठान के संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर परिसर के बाहर आस्था वानो की कतारें देखी गईं, जहाँ श्रद्धालुओं ने अत्यंत अनुशासन के साथ प्रसाद ग्रहण किया सेवादारों की टोली सुबह से ही व्यवस्थाएं संभालने में जुटी रही ताकि दूर-दराज से आए भक्तों को कोई असुविधा नहीं हो कायथा बल्कि आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उपस्थित लोगों मे हुकम चंद राठौर ने बताया कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में शांति और खुशहाली आती है तथा आपसी भाईचारा मजबूत होता है यहा बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म व समाज वर्ग के लोग देव दर्शन कर समरसता भोज मे सम्मिलित हो कर रसमयी प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं सतत 14 वर्षो से यह आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा है शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा मंदिर के पुजारी पंडित बंशीधर मेहता,जयराम चोहान, राधेश्याम पण्डा जी द्वारा आरती की गई आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस विशाल आयोजन मे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं भक्तजनों का समिति के द्वारा आभर व्यक्त किया।

## अवैध आवासीय कॉलोनी काटने पर एफआईआर

**शुजालपुर।** नगरीय क्षेत्र में पूर्व में बिना अनुमति के काटी गई आवासीय कॉलोनियों के मामले में कलेक्टर शाजापुर के आदेश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुजालपुर ने पुलिस थाना सिटी में एफआईआर दर्ज कराई। जिनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई उन लोगों ने भूमि पर बिना कॉलोनाइजर रजिस्ट्रेशन, बिना कॉलोनी विकास अनुमति, नगर तथा ग्राम निवेश देवास से नक्शा अनुमोदन कराए बिना अवैध रूप से बिना वैध अनुमति के भूखंड काटकर आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया। सीएमओं की शिकायत पर दानिश खां पिता मोहम्मद खां निवासी शुजालपुर सिटी, उस्मान खां पिता सुबान खां, ज्ञानसिंह मेवाडा पिता माधोसिंह, विशाल पिता लक्ष्मण गवली निवासी शाजापुर, गिरधरशरण पिता ललित मोहन निवासी शुजालपुर सिटी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

विधायक के सवालों पर सरकार का जवाब


## कुंडालिया बांध का पानी सुरक्षित, विधानसभा में सरकार का दावा

**सुसनेर।** विधानसभा में जिले से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विधायक भैरो सिंह बापू द्वारा प्रश्न लगाए गए। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की शुद्धता की जांच, जल जीवन मिशन की स्थिति तथा खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के लाभ से जुड़े विषय प्रमुख रहे। विधानसभा सत्र के छठे दिन सोमवार को संबंधित मंत्रियों ने सदन में विस्तृत जवाब प्रस्तुत किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जुड़े प्रश्न के उत्तर में मंत्री संपतिया उइके ने बताया कि जिले में एकल ग्राम नल-जल योजनाओं एवं समूह जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी विभागीय वेबसाइट तथा जल जीवन मिशन पोर्टल पर उपलब्ध है। आगर-मालवा जिला मुख्यालय पर जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला संचालित है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश जल निगम अंतर्गत क्रियान्वित आगर समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र पर भी जल परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि आगर समूह जल प्रदाय योजना के जल स्त्रोत कुंडालिया बांध का पानी परीक्षण के अनुसार पीने योग्य पाया गया है। साथ ही बताया गया कि जिले के सभी 480 ग्रामों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (श्हरउ) का गठन किया जा चुका है, जिसकी ग्राम पंचायतवार जानकारी जल जीवन मिशन पोर्टल पर उपलब्ध है। इसी प्रकार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से जुड़े प्रश्नों के उत्तर में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, राज्य योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित हैं। मंत्री ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 से वर्तमान तक जिले के 105 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

सारंगपुर ब्लाक के दो स्कूल बंद और 14 प्राथमिक विद्यालय बंद होने की कगार पर

# 10 से कम छात्रों वाले इन स्कूलों के बच्चे सीएम राइज में होंगे शिफ्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर ब्लाक के ग्राम मऊ में शुरू किए गए सांदीपनि स्कूलों के लिए करीब 14 छोटे शासकीय स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी है। जिन प्राथमिक विद्यालयों में 10 से कम छात्र हैं, उन्हें आसपास के सांदीपनि स्कूल में समेटा जा रहा है। हालांकि स्कूलों का विलय अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन योजना पुरी तरह से तैयार हो चुकी है।

सारंगपुर के मऊ में सांदीपनि विद्यालय विकसित किया जा रहा हैं। मऊ में भवन तैयार होकर कक्षाएं शुरू होना हैं। मर्ज किए जा रहे स्कूलों को लेकर ग्रामीणों में विरोध है। उनका कहना है कि बच्चों को 8-10 किमी दूर पढने जाना पडेगा, जो छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मुश्किल होगा। शासन का दावा है कि दूरस्थ गांवों के बच्चों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जहां बस नहीं पहुंच सकेगी, वहां मर्ज नहीं किया जाएगा। सरकार का तर्क है कि सांदीपनि स्कूलों में बेहतर संसाधनों के साथ पढाई का स्तर सुधरेगा। जबकि ग्रामीणों ने गांवों के शासकीय स्कूलों को बंद न करने की बात ही। उनका कहना है शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार प्रावि प्रत्येक एक किमी और मावि 3 किमी की दूरी के दायरे में होना चाहिए, लेकिन उनके यहां के स्कूलों को 8 से 10 किमी दूर स्थित स्कूल में मर्ज किया जा रहा है। इसका सीधा असर गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर पडेगा। छोटे बच्चे-बच्चियां इतनी दूर कैसे पहुंचेंगे?

### सारंगपुर में दो स्कूल हो चुके है बंद, 14 पर लटकी तलवार

उल्लेखनीय है कि सारंगपुर ब्लाक में रामपुरिया खेड़ा और कलाली में प्राथमिक विद्यालय विद्यार्थियों की कम संख्या के चलते बंद हो चुके है और अब 14 प्राथमिक स्कूलों पर तलवार लटक रही है क्योंकि इन शालाओं में 10 या इससे कम बच्चे अध्ययनरत है। इन स्कूलो में नजर डाले तो ब्लाक के हीरापुर में 2, बत्ख्यारपुरा, बलवंतपुरा में 3-3, शंकर नगर में 4, आसारेटा रावत और पुरा सरेडी में 5-5, छायन और खेरासी में 7-7, चाकरोद और डिंगलपुर में 8-8, सदाशिवगंज में 9 तथा बिलोदापूर्विया, मिठ्ठनपुर तथा सुमरियाहेड़ी में बच्चों की संख्या 10-10 है।

### बोले जिम्मेदार

स्कूलों को मर्ज करने से संबंधित हालांकि अभी कोई आदेश नहीं है कि यह कब तक होगा। यदि स्कूल मर्ज होते भी है तो 5 से 7 किमी के दायरे में भी कोई स्कूल है तो वहां के बच्चों को बस से लेकर स्कूल ले जाया जाएगा। बस सुविधा होने के कारण शासन ऐसे स्कूलों को मर्ज करना चाहता है जिन स्कूलों में दस से भी कम बच्चे हैं। वहां पर दो-दो शिक्षक ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे स्कूलों की जानकारी जुटाई जा रही है। सांदीपनि स्कूल में अधिक बेहतर ढंग से बच्चे पढ पाएंगे। किसी भी बच्चे का नुकसान नहीं होगा।


**सुरेश विरमाल, बीईओ, सारंगपुर**



## ओंकारेश्वर मंदिर में महिला मंडल का फाग उत्सव

**सुसनेर।** परसुलिया रोड स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में सोमवार को महिला मंडल द्वारा श्रद्धा और उल्लास के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं द्वारा भगवान शिव के शिवलिंग पर गुलाल अर्पित कर की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भक्ति और रंगों का वातावरण छा गया। महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी। ढोलक और मंजीरे की थाप पर फाग के गीत गूंजते रहे, जिन पर उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। पूरा मंदिर परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और भक्ति भाव से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फाग उत्सव की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के माध्यम से महिलाओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द और धार्मिक आस्था का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मिलकर उत्सव की खुशियां साझा कीं।

## संतोष बाई का मुस्लिम परिवार ने हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करवाया



**उन्हेल।** संतोष बाई पति बालू सिंह की पत्नी का निधन हो गया लंबे समय से मुस्लिम परिवार के यहां पर रह रहे थे मुस्लिम परिवार ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करवाया मुख्य रूप से शाकिर खान, जाकिर वकील, वाहिद खान , रघुनाथ, नंदू ,प्रदीप ,ईश्वर ,इदरीश अली ,नागेश, लकी अली, महबूब पठान , सैयद माइनॉरिटी के प्रदेश अध्यक्ष लकी अली ने समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

## विनोद छानवाल मीणा को महिदपुर तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी




**महिदपुर।** अभिभाषक संघ महिदपुर के सह सचिव विनोद छानवाल मीणा को मध्यप्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा महिदपुर तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन पर अभिभाषक संघ के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री मीणा को बधाई प्रेषित की तथा उनके सफल और सक्रिय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई पहल करते हुए क्षेत्र में सकारात्मक कार्य करेगा।

## मेला लगाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य परमार ने दिया ज्ञापन



**तराना।** विगत 80 वर्षों से प्रति वर्ष अनुसार नगर में मवेशी मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष मेले का आयोजन नहीं होना है। इसको लेकर सोमवार को जिला पंचायत सदस्य मुकेश परमार के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सोपा गया है। जिला पंचायत सदस्य परमार ने बताया कि तराना में बाबा तिल भाण्डेश्वर के आंगन में लगने वाले लगभग 80 वर्ष पुराने मवेशी मेल को इस वर्ष निरस्त कर दिया गया है। इससे पूर्व यह परंपरा नहीं टूटी है।अनेक कठिन परिस्थितियों में जल संकट व प्रशासनिक चुनौतियों के बीच भी मेला लग था। पिछली परिषद में भी विभिन्न परिस्थितियों के बावजूद भी मेले का आयोजन किया गया था।समस्त तराना के जागो व्यापारियों की हम मांग शासन से करते हैं कि हर बार की तरह इस बार भी तराना में मिलेगा आयोजन हो जिस हाथ गाड़ी वाले झूला व्यापारी एवं अन्य व्यापारियों को रोजगार जीवित रहे। इस दौरान व्यापारीगण, कांग्रेस कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहेंगे। जानकारी अंशय शर्मा ने दी।

होली में सफेद रंग के परिधान पहनना परंपरा सी बन गई है। लेकिन इस होली पर कुछ अलग और ट्रेंडी पहनना चाहते हैं, तो सफेद के अलावा भी कई शानदार विकल्प मौजूद हैं।

# होली पर सफेद नहीं? ट्राई करें ये ट्रेंडी रंग

होली का नाम आते ही दिमाग में सफेद कुर्ता और रंगों से भरी तस्वीर उभरती है। लेकिन हर साल एक जैसा लुक क्यों?

होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि खुद को नए अंदाज में पेश करने का मौका भी है। हर साल सफेद पहनना जरूरी नहीं है। रंगों के इस त्योहार में खुद भी रंगों को अपनाइए। अगर आप इस बार पारंपरिक सफेद आउटफिट नहीं पहनना चाहते, तो अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से आउटफिट चुनें और होली सेलिब्रेशन को फैशन स्टेटमेंट बना दें।

इस होली पर कुछ अलग और ट्रेंडी पहनना चाहते हैं, तो सफेद के अलावा भी कई शानदार विकल्प मौजूद हैं। यहां जानिए कौन-से रंग आपके होली लुक को स्टाइलिश, फोटोजेनिक और यूनिक बना सकते हैं।



## पेस्टल पिंक

पेस्टल पिंक आउटफिट होली के लिए परफेक्ट है। यह आपको सॉफ्ट और एलिगेंट लुक देता है। पेस्टल रंग न सिर्फ फ्रेश लुक देता है बल्कि तस्वीरों में भी बेहद खूबसूरत दिखता है।

लड़कियां पेस्टल पिंक कुर्ती या अनारकली या पटियाला चुन सकती हैं लड़के पेस्टल पिंक कुर्ता या शर्ट पहन सकते हैं



## पीला रंग

फेस्टिव वाइब के लिए पीले रंग के आउटफिट बेस्ट होते हैं। पीला रंग खुशियों और पॉजिटिविटी का प्रतीक है। होली जैसे उत्सव में येलो आउटफिट बेहद आकर्षक लगता है। यह रंग गुलाल के साथ शानदार कॉन्ट्रास्ट देता है।

- मस्टर्ड येलो कुर्ता
- लेमन येलो टॉप या दुपट्टा
- येलो प्लाजो सेट




## टर्किश ब्लू

अगर आप कुछ हटकर पहनना चाहते हैं, तो टर्किश ब्लू या स्काई ब्लू बेहतरीन विकल्प है। यह रंग न सिर्फ स्टाइलिश है बल्कि गर्म मौसम में कूल लुक भी देता है।

## नारंगी रंग

एनर्जेटिक और बोल्ड लुक दे सकता है। ऑरेंज रंग होली की एनर्जी को और बढ़ा देता है।



- ऑरेंज कुर्ता
- ऑरेंज इंडो-वेस्टर्न सेट
- ऑरेंज दुपट्टा या स्कार्फ
- यह रंग तस्वीरों में बेहद ब्राइट और अट्रैक्टिव लगता है।



## लैवेंडर

लैवेंडर पिछले कुछ वर्षों से फैशन में है। होली पर यह रंग आपको भीड़ से अलग दिखाएगा। लड़कियां लैवेंडर कुर्ती या शॉर्ट ड्रेस ट्राई कर सकती हैं, जबकि लड़के हल्का लैवेंडर शर्ट चुन सकते हैं।

## प्रिंटेड या टाई-डाई आउटफिट



अगर आप रंगों से डरते नहीं, तो टाई-डाई या मल्टीकलर प्रिंटेड आउटफिट चुनें। टाई-डाई पैटर्न खासतौर पर होली के मूड से मेल खाता है और फोटो में शानदार दिखता है।



# न दाल भिगोना न पीसना, जानें कैसे 15 मिनट में तैयार होगा ये इंस्टेंट डोसा



आ डोसा, दक्षिण भारतीय खाने का एक बेहद लोकप्रिय और स्वादिष्ट व्यंजन है। ये खाने में जितना स्वादिष्ट लगता है, उतना ही इसे बनाना कठिन है। इसकी तैयारी में सबसे कठिन काम है दाल और चावल को रातभर भिगोकर फिर अगले दिन उसे पीसना। इसी झंझट की वजह से बहुत से लोग तो डोसा बनाते ही नहीं हैं।

पर, क्या आप जानते हैं कि आप इंस्टेंट भी डोसा बनाकर तैयार कर सकते हैं। दरअसल, चावल के आटे की मदद से आसानी से और जल्दी डोसा तैयार किया जा सकता है। ये तरीका न केवल समय बचाता है बल्कि नए टेस्ट के साथ क्रिस्पी और गोल्डन ब्राउन डोसा बनाने में भी मदद करता है।

इस विधि से आप चाहें तो सादे डोसा के साथ विभिन्न चटनी और सांभर का आनंद ले सकते हैं। बच्चों और बड़ों को यह तरीका बहुत पसंद आएगा, क्योंकि यह पारंपरिक स्वाद को बनाए रखते हुए तैयार करना बेहद आसान है।

## चावल का डोसा कैसे बनाएं?

चावल के आटे से डोसा बनाने के लिए सबसे पहले एक कप चावल का आटा लें और इसमें धीरे-धीरे आधा कप पानी डालकर घोल तैयार करें। ध्यान रखें कि घोल न बहुत पतला हो और न ही ज्यादा गाढ़ा, क्योंकि इसकी स्थिरता डोसा की क्रिस्पी टेक्सचर और फैलाव को तय करेगी। अब इसमें स्वादानुसार नमक मिलाएं और घोल को लगभग 5-8 मिनट के लिए अलग रख दें। अब इसमें हरी मिर्च, धनिया पत्ती, जीरा और चिली फ्लैक्स डालें, ताकि आप इसे सिर्फ चटनी के साथ भी खा सकें।

घोल तो तैयार होने के बाद तवा या नॉन-स्टिक पैन को मध्यम आंच पर अच्छी तरह गर्म करें और हल्का तेल या घी लगाएं ताकि डोसा चिपके नहीं। जब तवा तैयार हो जाए, तो एक छोटी कटोरी की मदद से घोल लेकर तवे पर बीच से बाहर की ओर गोलाकार फैलाएं। डोसा जितना पतला फैलेगा, उतना ही कुरकुरा और हल्का बनेगा।

अब इसे मध्यम आंच पर दो से तीन मिनट तक पकने दें। ध्यान दें कि डोसा के किनारे हल्के सुनहरे और कुरकुरे होने लगें। इस समय आप ऊपर से थोड़ा सा घी या तेल डालकर स्वाद बढ़ा सकते हैं। डोसा तैयार होने के बाद इसे तुरंत परोसें। इसे नारियल चटनी, हरी धनिया चटनी या गरमागरम सांभर के साथ खाया जा सकता है। आप इसे सिर्फ चटनी के साथ भी खा सकते हैं, क्योंकि इसमें आपने पहले से ही थोड़े मसाले डाल रखें हैं।

**एक्स्ट्रा टिप-** डोसा हमेशा मध्यम आंच पर पकाएं ताकि यह भीतर से पूरी तरह पके और बाहर से कुरकुरा बने। बचे हुए डोसे को बाद में हल्का सेक कर भी परोसा जा सकता है। इस आसान विधि से आप पारंपरिक दाल भिगोने की झंझट को छोड़कर जल्दी और स्वादिष्ट डोसा तैयार कर सकते हैं।

# Sport

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 48.3 ओवरों में 214 रन बनाए। स्मृति मंधाना (58) और हरमनप्रीत कौर (53) ने अर्धशतक जड़े, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों का साथ न दे पाना टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोक गया। ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारतीय महिला टीम को हराया

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम 48.3 ओवरों में महज 214 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना के अर्धशतक पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली और बेथ मूनी की पारी भारी पड़ी। सीरीज का दूसरा मुकाबला 27 फरवरी को होबार्ट में खेला जाएगा।



## भारत की पारी

भारत की शुरूआत खराब रही। टीम इंडिया को मैच की दूसरी ही गेंद पर प्रतीका रावल (0) के रूप में बड़ा झटका लगा, उस समय तक टीम का खाता नहीं खुला था। यहां से स्मृति मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। शेफाली ने इस पारी में फैंस को निराश किया। वह 17 गेंदों में सिर्फ 4 ही रन बना सकीं। मंधाना ने जेमिमा रोड्रिगेज (8) के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 रन जुटाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जेमिमा के पवेलियन लौटने के बाद मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ चौथे विकेट के लिए 72 गेंदों में 48 रन जोड़कर भारत का शतक पूरा करवाया।

मंधाना 68 गेंदों में 7 चौकों के साथ 58 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद कप्तान कौर ने पारी को संभाला। हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों में 53 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने ऋचा घोष के साथ 37 रन, जबकि काश्वी गौतम के साथ 53 रन टीम के खाते में जोड़े। ऋचा घोष ने 38 गेंदों में 2 चौकों के साथ 23 रन बनाए, जबकि काश्वी ने 44 गेंदों में 43 रन की पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एश्ले गार्डनर ने 33 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए, जबकि मेगन शट ने दो विकेट निकाले। डार्सी ब्राउन, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्राथ और सोफी मोलिनेक्स ने एक-एक विकेट निकाला।

## दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारतः** स्मृति मंधाना, प्रतीक रावल, शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिगेज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काश्वी गौतम, श्री चरणी, क्रांति गौड़ और रेणुका सिंह ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), फोएबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एनाबेल सदरलैंड, एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनेक्स, अलाना किंग, मेगन शट्ट और डार्सी ब्राउन।

## ऑस्ट्रेलिया की पारी

215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम को एलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। लिचफील्ड 32 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, जॉर्जिया वॉल खाता नहीं खोल सकीं। दोनों को श्रीचरणी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान हीली ने अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई। अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेल रहीं हीली 70 गेंद में चार चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुईं।

फिर मूनी ने एनाबेल सदरलैंड के साथ 85 रन की साझेदारी निभाई। मूनी 76 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, सदरलैंड 44 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 48 रन बनाकर नाबाद रहीं। एश्ले गार्डनर भी पांच रन बनाकर नाबाद रहीं। भारती की ओर से श्रीचरणी को दो विकेट मिले, जबकि क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में चोटिल हुईं हरमनप्रीत

**ब्रिसबेन।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गईं। हरमनप्रीत इसके चलते फील्डिंग के लिए भी नहीं उतरीं। उन्हें बल्लेबाजी करते वक्त घुटने में चोट लगी थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हरमनप्रीत की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है और बताया है कि बोर्ड की मेडिकल टीम हरमनप्रीत की फिटनेस पर निगरानी रख रही है।



बीसीसीआई ने हरमनप्रीत की फिटनेस पर अपडेट देते हुए कहा, कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगने के कारण दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतरीं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। उनकी अनुपस्थिति में उपकप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कप्तानी की।

**मंधाना-हरमनप्रीत का अर्धशतक गया बेकारः** ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया।

# जम्मू-कश्मीर की शानदार बल्लेबाजी, शुभम के शतक के बाद समद का पचासा

**हुबली।** रणजी ट्रॉफी एलीट 2025-26 का खिताबी मुकाबला जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक की टीमों के बीच हुबली के केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। जम्मू-कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में दो विकेट पर 284 रन बनाए हैं। फिलहाल शुभम पुंडीर 221 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 117 और अब्दुल समद 67 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के सहारे 52 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हो चुकी है। कर्नाटक के लिए दोनों विकेट प्रसिद्ध कृष्णा को मिले हैं।

**जम्मू-कश्मीर की पहली पारीः** जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कामरान इकबाल छह रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। इसके बाद यावेर हसन और शुभम पुंडीर ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी निभाई। यावेर शतक से चूक गए। वह 150 गेंद पर 13 चौके की मदद से 88 रन बनाकर आउट हुए। शुरूआती दोनों विकेट प्रसिद्ध कृष्णा को मिले। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे कप्तान पारस डोगरा नौ रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। तब से शुभम और समद ने पारी संभाली।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाले 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक युवक को अचानक बेचैनी और घबराहट हुई, जिसके बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार रजत (23) पुत्र रमेश शर्मा निवासी शारदा नगर सोमवार दोपहर घर पर ही था। परिजनों ने बताया कि दोपहर में वह कुछ देर के लिए बाहर गया था। लौटने के बाद वह लेट गया और मां से कहा कि उसे बेचैनी हो रही है और ठीक नहीं लग रहा। उसने एसीटीडी (गैस) जैसी परेशानी की बात भी कही।

**गैस की दवा लेने से भी नहीं मिला आराम:** पिता ने उसे गैस की दवा दे दी और खुद कोल्ड ड्रिंक लेने बाहर चले गए। इसी दौरान रजत की हालत अचानक बिगड़ गई और वह मां की गोद में अचेत हो गया। घबराए परिजन उसे तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्राले की टक्कर से बीफार्मा के स्टूडेंट की मौत

**इंदौर।** खुड़ैल रोड पर सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बीफार्मा के एक छात्र की मौत हो गई। देवगुराडिया रोड पर एक ट्राले ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल छात्र को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने ट्राला चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# छावनी रोड चौड़ीकरण मामले में फिलहाल टला तोड़फोड़ का खतरा

## एक सड़क– 18 मीटर बनाम 24 मीटर; हाईकोर्ट के दखल के बाद बैकफुट पर इंदौर निगम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के मधुमिलन से छावनी पुल तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर छावनी रोड इन दिनों शहर की नई सियासी-प्रशासनिक बहस का केंद्र बनी हुई है। 24 मीटर चौड़ाई के आधार पर बाधक निर्माण हटाने के नोटिस जारी होने के बाद क्षेत्र में असंतोष बढ़ा, मामला अदालत पहुंचा और अब इंदौर नगर निगम ने नोटिस प्रभावहीन कर दिए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि रहवासी अब भी असमंजस में हैं।

कुछ दिन पहले सड़क पर सेंटर लाइन डाले जाने के बाद रहवासियों को चौड़ीकरण की आशंका हुई। जोन-11 के भवन अधिकारी ने 24 मीटर चौड़ाई में आ रहे हिस्सों को हटाने के नोटिस जारी कर दिए। इसके विरोध में रावत परिवार सहित अन्य प्रभावितों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की शरण ली।

एडवोकेट जयेश गुरनानी का कहना है कि वर्षों पहले 18 मीटर चौड़ाई के हिसाब से भवन निर्माण की अनुमतियां दी गई थीं।

जब निगम ने खुद नक्शा पास किया, टैक्स लिया और अब अचानक 24 मीटर का हवाला देकर नोटिस दे दिया, तो रहवासी जाएं तो जाएं कहां जाएं?

### 10 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक पकड़ाया

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 10 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। उसने कार के आर्म्स रेस्ट बॉक्स में ड्रग्स छिपा रखी थी। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख रुपए है। टीम सोमवार रात को उसे पकड़ने पहुंची तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी से पूछताछ कर और भी जानकारी निकाली जा रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम ने रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के पास खाली मैदान में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा है। दरअसल, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश करती है। इस दौरान सोमवार को शहर के रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के पास खाली मैदान में एक व्यक्ति कार की ड्राइविंग सीट पर बैठा दिखा, जो पुलिस की गाड़ी को देखकर कार लेकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर रोका।

# 5 कॉलोनियों में कारों पर पथराव देर रात बदमाशों ने किया हमला

## सीसीटीवी वीडियो आया सामने



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने एक के बाद एक कई वाहनों के कांच फोड़ दिए। मंगलवार सुबह जब रहवासी जागे तब घटना की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार राजनगर, रामानंद नगर, नंदन नगर, दामोदर नगर और पंचमूर्ति नगर में देर रात वाहनों को निशाना बनाया गया। करीब एक दर्जन वाहनों के कांच तोड़े गए हैं। इनमें पूर्व पार्षद राजेश चौहान की कार भी है। एक कार में ईंट भी मिली है।

### डायल 112 और बीट स्टाफ मौके पर पहुंचा

सूचना के बाद डायल 112 और बीट के जवान मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात 8 बजे के बाद क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय हो जाते हैं। कई बार इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। रहवासियों के मुताबिक 15 से ज्यादा गाड़ियों के कांच फोड़े गए हैं, जबकि पुलिस के अनुसार चंदन नगर में 2, एरोड्रम, छत्रीपुरा और मल्हारगंज क्षेत्र में मिलाकर करीब 6 कारों के कांच तोड़े गए हैं।

# पांच बेटियों ने मां की अर्थी को दिया कंधा, मेडिकल रिसर्च के लिए की देहदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर से ममता, संस्कार और समाज सेवा की मिसाल सामने आई है। दरअसल, सुदामा नगर निवासी 79 वर्षीय संतोष वर्मा के निधन के बाद उनकी पांच बेटियों ने न केवल उनकी अर्थी को कंधा दिया, बल्कि मां की अंतिम इच्छा और उनके परोपकारी स्वभाव को देखते हुए उनकी बॉडी मेडिकल रिसर्च के लिए दान कर दी। शासन की ओर से इस काम के लिए स्व. संतोष वर्मा को ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्न दिया गया।



आखिरी समय में वह बड़ी बेटी कुमुदिनी के पास थीं। इस दौरान भी सभी बेटियों ने वहां जाकर उनकी सेवा की। एक हफ्ते से वह बीमार थीं। सोमवार को उनके निधन के बाद सभी बहनों ने आपसी सहमति से उनकी आंखें, त्वचा और देह दान करने का निर्णय लिया। यह अवसर समाज को एक संदेश दे गया कि मृत्यु के बाद भी जीवन को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। इस मार्मिक क्षण में पांचों बेटियों ने अपनी मां की अर्थी को कंधा दिया। अंत्येष्टि क्रिया गायत्री परिवार की परंपरा अनुसार प्रतीकात्मक रूप से हवन और मंत्रोच्चार के माध्यम से की गई।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोड़ा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रेल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरुआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बोनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com